


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 08 अप्रैल 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 70 | मूल्य - 5 रुपये









## दिल्ली में गरज के साथ बारिश, ‘ऑरेंज’ अलर्ट जारी..

**नयी दिल्ली, (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी को मंगलवार रात आंधी और गरज के साथ तेज बारिश का सामना करना पड़ा, जिसके बाद मौसम विभाग ने ‘ऑरेंज अलर्ट’ जारी किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ‘ऑरेंज अलर्ट’ के तहत निवासियों को आंधी और गरज के साथ बारिश के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार, शहर में दिन भर रुक-रुककर बारिश होती रही। सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सफ्दरजंग और लोधी रोड में 3-3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पालम और रिज में 2.1 मिलीमीटर और आयानगर में दो मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को भी शहर में गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मंगलवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कई डिग्री कम है।

## अमेरिकी पत्रकार शेली किटलसन को अपहर्ताओं ने रिहा किया : इराकी अधिकारी

**बगदाद, (एपी)।** *पिछले हफ्ते बगदाद से अगवा की गई अमेरिकी पत्रकार शेली किटलसन को रिहा कर दिया* गया है। मामले की जानकारी रखने वाले एक इराकी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि किटलसन को दोपहर में रिहा किया गया। उन्होंने किटलसन के वर्तमान ठिकाने की जानकारी साझा नहीं की, लेकिन कहा कि रिहाई से पहले उन्हें बगदाद में ही रखा गया था। इससे पहले, दिन में ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया कताइब हिज्बुल्लाह ने एक बयान में कहा था कि उसने किटलसन को रिहा करने का फैसला लिया है। वहीं, मिलिशिया के पदाधिकारियों ने समाचार एजेंसी ‘द एसोसिएटेड प्रेस’ को बताया कि इराकी अधिकारी किटलसन की रिहाई के बदले हिरासत में लिए गए समूह के सदस्यों को आजाद करेंगे।

# ईरान ने समझौता नहीं किया, तो ‘‘आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी’’ : ट्रंप

**तेहरान, (एपी)।** ***अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान उनकी ओर से दी गई मंगलवार की नवीनतम समय-सीमा तक होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने समेत एक समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो ‘‘आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा’’।***



इसी बीच, ईरान पर किये गए हवाई हमलों में दो पुल और एक रेलवे स्टेशन को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तेल केंद्र खार्ग द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों पर हमला किया। यह दूसरी बार था जब अमेरिकी सेना ने इस द्वीप पर हमला किया है। ट्रंप ने पहले भी समयसीमा बढ़ाई थी, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वाशिंगटन में मंगलवार रात आठ बजे तक की समयसीमा अंतिम है। इसी के साथ दोनों पक्षों की ओर से बयानबाजी चरम पर पहुंच गई, जिससे ईरानी नागरिकों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने धमकी दी है कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से नहीं खोलता, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों को नष्ट कर दिया जाएगा। इस जलडमरूमध्य के रास्ते शांति काल में दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि उनके सहित 1.4 करोड़ लोगों ने युद्ध लड़ने के लिए स्वेच्छा से अपनी सेवाएं देने की पेशकश की है। यह स्पष्ट नहीं है कि हालिया हवाई हमले ट्रंप की पुलों पर हमले की धमकी से जुड़े थे या नहीं। कम से कम दो लक्ष्य ईरान के रेल नेटवर्क से जुड़े थे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनके देश के लड़ाकू विमानों ने ईरान में पुलों और रेलवे पटरियों पर हमला किया है। इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय से जारी एक एक बयान में नेतन्याहू ने दावा किया कि ईरान का अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड इन पुलों और रेलमार्ग का इस्तेमाल हथियार बनाने के लिए सामग्री का परिवहन करने के लिए कर रहा था।

## ईरान की सभ्यता को नष्ट करने की ट्रंप की धमकी ‘अस्वीकार्य’ : पोप लियो

**रोम, (एपी)।** पोप लियो 14वें ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरानी सभ्यता को नष्ट करने की धमकी पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि नागरिक बुनियादी ढांचे पर किसी भी तरह का हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

युद्ध के खिलाफअपने अब तक के सबसे कड़े बयानों में से एक में लियो ने अमेरिकियों और अन्य लोगों से अपील की कि वे अपने नेताओं और कांग्रेस प्रतिनिधियों से संपर्क कर युद्ध को अस्वीकार करने और शांति के लिए काम करने की मांग करें। पोप ने कहा, आज, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि ईरान के लोगों के खिलाफयह धमकी दी गई है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

## जायसवाल के अर्धशतक से रॉयल्स ने मुंबई इंडियन्स को हराकर जीत की हैट्रिक बनाई..

**गुवाहाटी, (भाषा)।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। रॉयल्स के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और नौ विकेट पर 123 रन ही बना सकी। मुंबई की ओर से नमन धीर (25) और शेरफेन रदरफोर्ड (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर (21 रन पर दो विकेट), रवि बिश्नोई (25 रन पर दो विकेट) और संदीप शर्मा (26 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। जायसवाल ने इससे पहले 32 गेंद में चार छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 77 रन की पारी खेलने के अलावा वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 गेंद, पांच छक्के, एक चौके) के साथ पांच ओवर में 80 रन जोड़े जिससे रॉयल्स ने तीन विकेट पर 150 रन बनाए। मुंबई की ओर से स्पिनर अल्लाह गजनफर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। शारदुल ठाकुर ने भी 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 22 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। पहले ही ओवर में रेयान रिकेल्टन (08) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच थमाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (06) ने तेज गेंदबाज बर्गर पर छक्का जड़ा लेकिन फिर आर्चर को कैच दे बैठे जबकि संदीप शर्मा ने सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (05) को पगबाधा करके मुंबई को तीसर झटका दिया।








दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## सैलानियों को तीन नन्हे शावकों के साथ टहलती नजर आई एक मादा तेंदुआ..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
पेंच टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान सैलानियों को एक मादा तेंदुआ अपने तीन नन्हे शावकों के साथ बिना किसी डर के सड़क पर टहलती नजर आई, जिसका वीडियो भी सामने आया है। यह वाकया तब हुआ जब पर्यटक जिप्सी में सवार होकर जंगल की सैर कर रहे थे। तभी अचानक मादा तेंदुआ अपने बच्चों के साथ झाड़ियों से बाहर निकली और कच्ची सड़क पार करते हुए घने जंगल की ओर बढ़ गई। इस नजारे ने पर्यटकों को रोमांच से भर दिया और उनकी सफारी को हमेशा के लिए यादगार बना दिया।

### 'द जंगल बुक' की यादें ताजा

पेंच नेशनल पार्क मध्य प्रदेश के सिवनी और छिंदवाड़ा जिलों के साथ-साथ महाराष्ट्र के नागपुर तक फैला हुआ है। इसे विश्व प्रसिद्ध लेखक रुडयार्ड किपलिंग की किताब 'द जंगल बुक' की प्रेरणा स्थली माना जाता है। 1975 में राष्ट्रीय उद्यान और फिर टाइगर रिजर्व घोषित यह पार्क अपने घनेजंगलों और घास के मैदानों के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है।

### वन्यजीवों का सुरक्षित ठिकाना

पेंच सिर्फ बाघों और तेंदुओं के लिए ही नहीं, बल्कि भालू, जंगली कुत्ते, चीतल, सांभर, नीलगाय और गौर जैसे जानवरों का भी घर है। पक्षी प्रेमियों के लिए भी यह किसी स्वर्ग से कम नहीं है, क्योंकि यहां पक्षियों की 250 से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं।

### कब और कैसे करें सैर?

पर्यटन के लिहाज से पेंच का बहुत महत्व है। यहांसैलानी जीप और हाथी सफारी के जरिए कुदरत को करीब से देख सकते हैं। घूमने के लिए अक्टूबर से जून तक का समय सबसे अच्छा माना जाता है।

## आदिवासी समाज के संदीप उईके बने जूनियर इंजीनियर

**जगप्रेरणा छपारा।**
***मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के जूनियर इंजीनियर बने संदीप उईके परिवार में खुशियों का माहौल है।संदीप के पिता राधेलाल उईके सरल स्वभाव के धनी जनहितैषी व्यक्ति हैं***



जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपरढाना के निवासी है इनका गांव छपारा से पूर्व दिशा की ओर जंगल और पहाड़ियों के बीच लगभग 25 किलोमीटर पर स्थित है संदीप उईके ने प्राथमिक शिक्षा पीपरढाना में करके हाई स्कूल की शिक्षा छपारा में किया ओर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने भोपाल चले गए जहां उन्होंने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जूनियर इंजीनियर की परीक्षा देकर जे ई के पद पर पदस्थ हो गए। उनकी पदस्थापना मध्य प्रदेश विद्युत मंडल धार जिला के राजगढ़ ब्लाक में हुई है संदीप उईके 22 वर्ष सरपंच ग्राम पंचायत पीपरढाना श्रीमती सविता राधेलाल उईके के पुत्र हैं आदिवासी सामान्य परिवार मैं जन्मे संदीप उईके की नियुक्ति पर उनके परिवार जनो ईष्ट मित्रो शुभचिंतकों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## सिवनी में एक दिवसीय हज तरबियत कैम्प का आयोजन 11 अप्रैल को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
***हज यात्रा पर जाने वाले आज़मीने हज के लिए सिवनी में 11 अप्रैल 2026, शनिवार को एक दिवसीय हज तरबियत कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।***

यह कैम्प सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक रॉयल लॉन, बड़ी ज़ियारत के पास, जबलपुर रोड सिवनी में आयोजित होगा। यह आयोजन हाजी मोहम्मद आरिफ अंसारी, हाजी मोहम्मद शब्बीर वारसी, अब्दुल वाहिद समर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

इस वर्ष सिवनी ज़िले से लगभग 95 हुज्जाज-ए-इकराम मक्का और मदीना की पवित्र यात्रा पर रवाना होंगे। ऐसे में यह तरबियत कैम्प हज यात्रा की तैयारियों को बेहतर और सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। कैम्प में सिवनी के साथ-साथ पड़ोसी ज़िलों–छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी एवं बालाघाट–के आज़मीने हज भी शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर स्लाइड के माध्यम से हज के सभी अरकान, प्रक्रियाओं और आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर मास्टर हज ट्रेनर हाजी मोहम्मद साबिर पटवारी छिंदवाड़ा, स्थानीय मास्टर ट्रेनर हाजी मोहम्मद साबिर खान एवं हाजी अब्दुल वाहिद समर द्वारा हाजियों को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस प्रोग्राम में सिवनी जिले से जाने वाले हाजियों को हेल्थ कार्ड भी दिया जाएगा।

## प्रवेश को लेकर स्कूली बच्चों ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन..

**जगप्रेरणा सवनी।**
***शासकीय प्राथमिक शाला भगतसिंह वार्ड सिवनी में वर्ष 2019 से संचालित हो रही है और इस साल में क्षेत्र के बच्चों को अध्यापन में सुविधा रहती है***



हाल ही में प्रधानपाठक द्वारा यह कहा गया कि इस साल के अधिकांश बच्चे गंज से आते हैं इसलिए इन बच्चों को कस्तूरबा माध्यमिक शाला सिवनी में प्रवेश दे दिया जाए। जिला शिक्षा विभाग में प्रधान पाठक की बात को गंभीरता से लेते हुए शाला को कस्तूरबा शाला में मर्ज कर दिया है और भगतसिंह वार्ड के बच्चों को कस्तूरबा शाला में प्रवेश दिया। इस मामले को लेकर भगतसिंह वार्ड के अनेक बच्चे जनसुनवाई में पहुंचे और उन्होंने कहा कि वे भगत सिंह वार्ड के रहने वाले हैं और वह कस्तूरबा माध्यमिक शाला में प्रवेश नहीं लेना चाहते अतः उन्हें अपनी पुरानी शाला में ही प्रवेश दिया जाए।

## कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन 9 अप्रैल को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
***मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज अन्नदाता किसान काफी परेशानियों से जूझ रहा है। किसानों की गेहूँ की उपार्जन की तारीखे बार बार बढ़ाई जा रही है***

पहले 23 मार्च, फिर 01 अप्रेल, 10 अप्रेल, 15 अप्रेल बताई जा रही है। प्रदेश सरकार ने सहकारी संस्थाओं से किसानों का ऋण वसूलने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की थी, प्रदेश की मोहन यादव सरकार के कुप्रबंधन के कारण लगभग 50 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए है। किसान गेहूँ उपार्जन को लेकर अत्यधिक परेशान है। ऐसी स्थिति में किसान कृषि उपजमंडी में गेहूँ 2000 से 2200 रूपये के औने पौने दामों में बेचने मजबूर है, मध्यप्रदेश के पडौसी राज्य राजस्थान में 16 मार्च से गेहूँ उपार्जन किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण किये जाने प्रदेश की भाजपा सरकार को जगाने दिनांक 9 अप्रेल 2026, दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे, कचहरी चौक सिवनी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन कर महामहिम राज्यपाल महोदय जी को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जायेंगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी, समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, सभी मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठो के अध्यक्ष, मंडलम, सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष, ग्राम एवं वार्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जिले की चारो विधानसभा के बीएलए साथियों सहित समस्त कांग्रेस जनों से किसान आंदोलन में अनीवार्य रूप से शामिल होने हेतु अपील की है।

## डुण्डासिवनी पुलिस की जुआ फड पर रेड कार्यवाही..

**जगप्रेरणा डुण्डासिवनी।**
***दिनांक 07.04.26 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना डुण्डासिवनी क्षेत्र अंतर्गत मंडला रोड कबीर वार्ड गोण्डी मोहल्ला के पीछे कुछ लोग ताश के पत्तों पर***

हार जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी चैनसिंह उइके के नेतृत्व मे थाना डुण्डासिवनी की टीम गठित कर जुआ रेड कार्यवाही की गई जो घेराबंदी कर 03 जुआडिओ को पकडने मे सफलता प्राप्त हुई। सभी जुआडियो से कुल 2650/- रुपये नगदी एवं 52 ताश के पत्ते जप्त किये गये। आरोपियो के विरुध्द अपराध क्रमांक 178/26 धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### पकडे गये जुआडिआन..

शुभम पिता ज्ञानचंद यादव उम्र 28 साल नि. कबीर वार्ड डूण्डासिवनी, जगदीश पिता रमेश यादव उम्र 32 साल नि. कबीर वार्ड डुण्डासिवनी, आकाश पिता राजेन्द्र यादव उम्र 28 साल कबीर वार्ड डूण्डासिवनी। **जप्ती-** कुल 2650/- रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस 9 अप्रैल को सिवनी में भव्य आयोजन, हजारों श्रद्धालु होंगे सम्मिलित

**जगप्रेरणा सिवनी।**
***विश्व स्तर पर मनाए जाने वाले विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर 9 अप्रैल गुरुवार को सिवनी जिले में भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।***

सिवनी जीतो चैप्टर से सुनील मालू द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस कार्यक्रम में देश ही नहीं बल्कि विश्व के 108 देशों के लाखों लोग एक साथ नवकार मंत्र का जाप करेंगे। साथ ही इस भव्य आयोजन का 6000 मंदिरों एवं उपाश्रयों से सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इस आध्यात्मिक कार्यक्रम से जुड़ सकेंगे।

सिवनी में भी इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है, वहीं 100 से अधिक मेगा इवेंट्स के माध्यम से इस दिन को विशेष रूप से मनाया जाएगा। यह आयोजन जीतो जिला लेडीज विंग द्वारा सिवनी में स्थित दिगंबर जैन मंदिर के बाहुबली हॉल में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने जिले के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है। इस पावन अवसर पर जीतो चैप्टर सिवनी द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों–सिवनी, बाल सुधारालय, छपारा, केवलारी, लखनादौन, घंसौर, धनोरा, पिंडरई, नैनपुर एवं बरघाट–में भी नवकार मंत्र का सामूहिक जाप आयोजित किया जा रहा है, जिससे पूरे जिले में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का संचार होगा।

आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर नवकार मंत्र के सामूहिक जाप में भाग लेने का आग्रह किया है, ताकि विश्व में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके।

## ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेलते हुए 01 सटोरी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में..

### नकदी एवं एक एड्राइड मोबाइल फोन जप्त, अन्य सटोरी की तलाश जारी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो समय-समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा रेड कार्रवाई की जाती रही हैं, इसी क्रम में एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेल रहे एक सटोरी को घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा।

दिनांक 05/04/2026 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे बींझावाड़ा रोड़ सिवनी में एक व्यक्ति आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहा है सूचना पर तत्काल टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी की गई जो एक नीली आसमानी छीटदार टी शर्ट में एक व्यक्ति आईपीएल का मैच देख रहा था एवं इंटरनेट साइट पर कुछ ट्रांजेक्शन कर रहा था जो पुलिस को देखकर मोबाइल छुपाने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम अभय तिडके एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे सिवनी का रहना बताया पूछने पर सिवनी निवासी सागर सुराना से आईडी लेकर चैन्नई सुपर किंग एवं रॉयल चैलेंजर बैंगलोर के आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेलना बताने पर एक एंड्राइड फोन एवं अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते हाथ में रखे नकदी 5000/- रुपये विधिवत् जप्त कर आरोपियों के विरूध्द सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सागर सुराना के विरूध्द पूर्व से जुआ एवं सट्टा एक्ट के 04 आपराधिक प्रकरण पंजीबध्द है। **जप्ती-** एक रेडमी कम्पनी का एंड्राइड फोन कीमती 15000/- रुपये एवं नकदी 5000 रुपये। **गिरफ्तार आरोपी-** अभय पिता सुरेन्द्र तिडके उम्र 36 वर्ष निवासी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे सिवनी। **फरार आरोपी-** सागर सुराना पिता राजेश सुराना उम्र 37 निवासी गायत्री मंदिर के पास सिवनी।

### सराहनीय कार्य..

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयवंत ठाकुर, प्र.आर. मनोज पाल, आर. प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया, मुकेश चौरिया विशेष भूमिका रहीं हैं।

## धोखाधडी के फरार आरोपी निखिल शुक्ला को डूण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जगप्रेरणा डुण्डासिवनी।**
पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता फरार आरोपीयो की गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन मे एवं ए.एस.पी. दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन व नेत्तृव मे कार्य करते हुए थाना इण्डासिवनी पुलिस व्दारा वर्ष 2024 से धोखाधडी के प्रकरण मे फरार चल रहे आरोपी निखिल शुक्ला को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

दिनांक 23.09.2024 को प्रार्थी महेन्द्र पाल सिंह भाटिया निवासी लुघरवाडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि निखिल शुक्ला व अखिल शुक्ला के द्वारा जंगदबा सिटी में स्थित प्लाट व घर को अलग अलग व्यक्ति को रजिस्ट्री करना एंव बैंक से उसी प्लाट व घर के नाम से लोन लेकर धोखाधडी करने एंव प्रार्थी से भी इकरार नामा कर धोखाधडी करने कि रिपोर्ट पर थाना डुण्डासिवनी मे अपराध क्रमांक 417/24 धारा 420,120 (बी) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण मे तीन मूल रजिस्ट्री अलग अलग जगह उपयोग कर बेईमानी से लाभ प्राप्त करने का तथ्य सामने आने से साक्ष्यो के आधार पर धारा 467,468,471 भादवि का इजाफा किया गया।

अखिल शुक्ला माननीय उच्च न्यायालय से जमानत पर है एंव घटना दिनांक से निखिल शुक्ला फरार चल रहा था जिसको दिनांक 06.04.2026 को मुखबिर की सूचना पर सिवनी से गिरफ्तार कर माननीय न्यायाल पेश किया गया न्यायालय द्वारा आरोपी निखिल शुक्ला को जेल निरुद्ध किया।

**गिरफ्तार आरोपी-** निखिल पिता दिलीप कुमार शुक्ला उम्र 34 साल निवासी स्टेडियम के पीछे भैरोगंज जिला सिवनी (म.प्र.)।

### सराहनीय कार्य..

निरीक्षक चैनसिंह उइके, सउनि निसार खान, प्रआर. धूपलाल नेताम, आर. रवि धुर्वे, नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, कृष्णकुमार भालेकर, आशीष ठाकरे, धनराज वरकडे सैनिक मुकेश कटरे, रविन्द्र उड़के।

## आपरेशन मुस्कान अभियान मे डुण्डासिवनी पुलिस की सफलता..

### नाबालिग बालिका नागपुर से किया सकुशल दस्तयाब..

**जगप्रेरणा डूण्डासिवनी।**
पुलिस मुख्यालय व्दारा चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता नाबालिग बालक बालिकाओ के दस्तयाब हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन मे एवं ए.एस.पी. दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन व नेत्तृव मे कार्य करते हुए थाना डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया।

दिनांक 05/04/2026 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी 17 वर्ष 09 माह कि नाबालिग बालिका घर से अपने मामा के घर ग्राम कण्डीपार घूमने गयी थी जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने कि रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 176/26 धारा 137 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

थाना प्रभारी चैनसिंह उइके व्दारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर अपहृता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी जो अपहृता का नागपुर कोराडी तरफहोने की सूचना मिलने पर थाना स्तर पर टीम गठित कर नागपुर तरफरवाना होकर अपहृता को दस्तयाब कर सिवनी लाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

### विशेष भूमिका..

निरी. चैनसिंह उड़के, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, विनय चौरिया (सायबर सेल), आरक्षक, नितेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर, प्रियंका डेहरिया ।

## सड़क हादसे में 64 वर्षीय बुजुर्ग की मौत..

**जगप्रेरणा सिवनी।**
जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में 64 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बरोदा माल निवासी अक्तू लाल कन्हेरिया (64) मंगलवार सुबह करीब 8 बजे रविंद्र कुलस्ते नामक युवक के साथ साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। बरोदा पटरी ग्राम के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों साइकिल सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे।

### गंभीर हालत में रेफर..

तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया।वहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने अक्तू लाल कन्हेरिया को मृत घोषित कर दिया। रविंद्र कुलस्ते की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

### हादसे की वजह रफ्तार..

बताया जा रहा है कि यह हादसा वाहन चालक की लापरवाही और तेज गति के कारण हुआ। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।

इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया ने बताया कि सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत और एक के गंभीर घायल होने की सूचना मिली थी। मर्ग कायम कर जांच कीजा रही है और फरार वाहन व चालक की तलाश जारी है।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..हसीब मोहम्मद 7898530101

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

बुधवार 08 अप्रैल 2026







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# बालाघाट में 1 वार्ड में शराब दुकान का विरोध अब 2 वार्डों में तब्दील..

## लाठी डंडो के साथ महिलाएं वीरांगनाओं के किरदार में..

### नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर भी कूदी शराब विरोधी आंदोलन में.. प्रशासन और नगर पालिका अध्यक्ष के बीच भी अब ठनी..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***शराब की दुकानों का आम जनता विशेषकर महिलाएं भारी विरोध करती है। वैसे रिहायशी इलाकों में शराब दुकानों का संचालन नियम विरुद्ध भी है, लेकिन सरकार को जिससे भारी राजस्व मिलता है, फिर सरकार किसी भी स्थिति में शराब विक्रय को बढ़ावा देना चाहती है, और ऐसा ही बालाघाट नगर के दो वार्डों में बीते***








कुछ दिनों से लगातार नजर आ रहा है, जहां दो वार्ड महिलाओं के भारी विरोध के कारण छावनी में तब्दील नजर आ रहे हैं। महिलाओं ने अपने हाथ में लाठी डंडे ले लिये हैं, और वे वीरांगना की भांति शराब दुकानों का विरोध कर रही है, जबकि प्रशासन इसका कोई उपाय नहीं कर पा रहे हैं। दिन प्रतिदिन होते शराब के विरोध में आज 7 अप्रैल 2026 को शराब दुकानों का विरोध और भारी हो गया, जब प्रशासन ने वार्ड नंबर 24 की महिलाओं के विरोध के फलस्वरुप शराब दुकान को वार्ड नंबर 25 में शिफ्ट कर दिया, और वार्ड नंबर 25 में शराब दुकान शिफ्ट होने की स्थिति देख ना सिर्फ वार्ड नंबर 25 की महिलाएं बल्कि वार्ड नंबर 25 का प्रतिनिधित्व करते हुए पार्षद से नगर पालिका अध्यक्ष बनी भारती सुरजीत ठाकुर भी आंदोलन के रण में कूद पड़ी, जिससे कि शराब दुकान के विरोध का मामला और अधिक गर्म हो गया है।

### वार्ड नंबर 25 मे आंदोलन की शुरुआत..

गौरतलब है कि एक तरफ जहां वार्ड क्रमांक 24 में मंगलवार को रिहायशी इलाके में शराब दुकान खोलने के विरोध में स्थानीय महिलाएं और नागरिक फिर सड़कों पर उतर आ, वहीं वार्ड नंबर 25 में भी शराब दुकान के विरोधमें नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन कहीं उग्र रुप ना ले ले, इसलिये पुलिस प्रशासन ने दोनों वार्डों में पुलिस बल लगा दिया है।

### और जब गहरा गया विवाद..

गौरतलब है कि महिलाओं और वार्ड वासियों के विरोध के चलते आबकारी अधिकारी इक्का भी पहुंचे, इस दौरान नपाध्यक्ष ने उनसे शराब दुकानें हटाने के लिये कहा, जिस पर आबकारी अधिकारी ने कहा कि यह दुकान प्रभारी मंत्री के निर्देश पर खोली जा रही है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया में कलेक्टर, एसपी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का समन्वय शामिल है। हालांकि, अधिकारी ने किसी विशिष्ट जनप्रतिनिधि का नाम लेने से परहेज किया, लेकिन इस स्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर आक्रोशित दिखाई दी। उन्होंने आबकारी अधिकारी के ऐसे बयान पर आपत्ति जताई, और प्रशासन से लिखित सहमति पेश करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उनके नाम का उपयोग किया जा रहा है, तो विभाग प्रमाण सार्वजनिक करे। भारती ठाकुर ने घोषणा की कि जब तक रिहायशी इलाके से शराब दुकान हटाने का निर्णय नहीं होता, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

### राशन दुकान और मंदिर के पास शराब का विरोध

गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 24 में ओंकार बिसेन की दुकान में नई शराब दुकान प्रस्तावित है, जिसके ठीक बगल में राशन की दुकान संचालित है। स्थानीय निवासी निशा धुवारे ने बताया कि इस क्षेत्र में दुर्गा मंदिर, आईजी कार्यालय और एक सार्वजनिक उद्यान है। घनी आबादी वाले इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूल-कॉलेज के छात्र गुजरते हैं, जिससे सुरक्षा का खतरा बना रहेगा।

### जब तक दुकान खुली रही, महिलाएं डटी रही..

गौरतलब है कि शराब दुकान के विरोध के चलते ना तो पूर्व स्थान से शराब दुकान उठ पाई है, और ना ही पुरी तरह से नई जगह पर शराब दुकान शिफ्ट हो पाई है, इस स्थिति में महिलाएं दो स्थानों पर मोर्चा बंदी किये हुए है, और जब तक शराब दुकान खुरी रही, तब तक महिलाएं शराब दुकान के पास से हटी नहीं। वार्ड नंबर 24 की जुझारु महिला भूमिका मदनकर जो कि निरंतर अनेक महीनों से शराब दुकान का विरोध कर रही है, उन्होंने साफ कर दिया कि जब तक शराब दुकान पूरी तरह से नहीं हट जाती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। भूमिका मदनकर के साथ ही पुरे वार्ड की महिलाएं और अनेक नागरिक भी समर्थन में तटस्थता के साथ अपने रुख पर अडिग नजर आ रहे हैं, इस स्थिति में देखना होगा कि अब प्रशासन आखिरकार नागरिकों के विरोध का किस तरह से उपाय एवं प्रबंधन करता है।

# बालाघाट जिले में 26 बंधपत्र पोस्ट ग्रेजुएट चिकित्सक पदस्थ..

### स्वास्थ्य सेवाओं में मिलेगा नागरिको को लाभ..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न शासकीय चिकित्सालयों में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा पूर्ण कर चुके 1061 बंधपत्र चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इसी क्रम में बालाघाट जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कुल 26 पोस्टग्रेजुएट बंधपत्र चिकित्सकों को तैनात किया गया है।***

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने जानकारी देते हुए बताया कि इन चिकित्सकों में से 8 को शहीद भगत सिंह शासकीय जिला चिकित्सालय बालाघाट, 6 को सिविल अस्पताल वारासिवनी, 2 को सिविल अस्पताल लांजी, 4 को सिविल अस्पताल बैहर, 4 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी तथा 2 चिकित्सकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में पदस्थ किया गया है। सभी नियुक्त चिकित्सकों को 15 दिवस के भीतर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। जिला चिकित्सालय बालाघाट में रेडियोडायग्नोसिस, मानसिक रोग, पैथोलॉजी, शिशु रोग, नेत्र रोग, फॉरेंसिक मेडिसिन, त्वचा रोग एवं कम्युनिटी मेडिसिन के विशेषज्ञ तैनात किए गए हैं।

वहीं सिविल अस्पताल वारासिवनी में एनेस्थीसिया, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नेत्र रोग एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ पदस्थ किए गए हैं। सिविल अस्पताल लांजी में एनेस्थीसिया एवं शिशु रोग, सिविल अस्पताल बैहर में एनेस्थीसिया, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की नियुक्ति हुई है। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में एनेस्थीसिया, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं शिशु रोग तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में जनरल मेडिसिन एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ पदस्थ किए गए हैं। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से जिले में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी और मरीजों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

# 3 माह का प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे एनसीसी अधिकारी का पीजी कॉलेज में हुआ सम्मान

जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनसीसी) के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र एड़े के नेतृत्व***





में नागपुर (कामठी) से तीन माह का प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे एनसीसी अधिकारी डॉ. गजानन कटरे का एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा बैंड-बाजे और लोकनृत्य के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वर्चुअल हॉल में माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना एवं अभिनंदन गीत के साथ हुआ। समारोह में उन विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय गतिविधियों में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इनमें कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में शामिल अरविंद पांचे, चित्रकूट (सतना) के राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने वाली मोनाक्षी बिसेन, प्रवीण नागदेव, अंकित उके, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के ओपन यूनिट शिविर में शामिल श्रुति गौतम और राहुल पटले, हिमाचल प्रदेश के एडवेंचर शिविर में भाग लेने वाले गोल्डी पांचे, तथा भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल वीणा जामरे और निरंजन बिसेन प्रमुख रहे। विशेष रूप से वीणा जामरे का ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस शिविर में चयन उल्लेखनीय रहा। इसके अलावा पूनम गौंधुरे का पुलिस विशेष सहयोगी दस्ते में तथा एनसीसी कैडेट विनय पारधी का जिला फोर्स में चयन भी सराहनीय रहा। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपने-अपने शिविरों के अनुभव साझा किए। साथ ही माँ तुझे प्रणाम एवं मेरा युवा भारत योजना के अंतर्गत भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 स्वयंसेवकों को मेडल प्रदान किए गए। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने राष्ट्रीय सेवा योजना को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण मंच बताते हुए देश सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।

# पंवार समाज जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन के हस्ते कोडिंग एवं एआई प्रशिक्षण का हुआ भव्य शुभारंभ..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला पंवार क्षत्रिय संगठन, पंवार समाज जिला बालाघाट द्वारा पंवार समाज के बच्चों, युवाओं, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए कोडिंग एवं एआई प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया हैं। बालाघाट मुख्यालय***





स्थित टेक्नो स्किल इंस्टिट्यूट में 06 अप्रैल 2026 को पंवार समाज जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के मार्गदर्शन एवं मुख्यातिथ्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, साथ ही कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजन, महिलाएँ एवं बच्चे उपस्थित रहे। टेक्नो स्किल इंस्टिट्यूट के संचालक एवं पंवार समाज युवा प्रकोष्ठ जिला सह सचिव इंजीनियर संकेत रहाँगडाले ने प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की, उन्होंने बताया की पंवार समाज जिला संगठन के सहयोग से इस अभियान में समाज के लोगों के लिए विशेष सुविधा एवं बहुत ज़्यादा डिस्काउंट उपलब्ध हैं साथ ही ग्रहणियों के लिए विशेष ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है।आज दिनांक 6 अप्रैल 2026 को इसका भव्य शुभारंभ किया गया है।

### बोले विशाल बिसेन..

इस अवसर पर पंवार समाज जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन ने बताया की आज के समय में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है और इस विषय को समझने के लिए हमें प्रशिक्षण की आवश्यकता है इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है और हम सभी चाहते हैं कि हमारे समाज के बच्चे, युवा एवं महिलायें इस विषय को जाने ताकि हम तकनीक के साथ कदमताल कर सकें और इसीलिए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### यह रहे उपस्थित..

इस अवसर पर जिले के पंवार समाज जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के साथ ही टेक्नो स्किल इंस्टिट्यूट संचालक संकेत रहांगडाले, वरिष्ठजन वेदप्रकाश पटले, देवीशंकर टेम्भरे, ताजेश्वर बिसेन, डोंगरूभाऊ बिसेन, जिला महासचिव डॉ राजेंद्र एल कटरे, जिला उपाध्यक्ष डॉ अक्षय कटरे, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री बिसेन, जिला सचिव श्रीमती इंदु बिसेन, जिला उपाध्यक्ष चेतन पटले, राजा भोज फाउंडेशन सह संयोजक महात्मा हनवत, मुकेश गौतम, रामकुमार राणा, राजा भोज फाउंडेशन सदस्य प्रजल रहाँगड़ाले, सुशील राहंगडाले, सुश्री वैष्णवी गौतम, सुश्री प्रतिभा टेम्भरे, सुश्री सेजल बिसेन, पायल बिसेन, आसु पटले, ऋतु रहाँगड़ाले, लवी पटले साथ ही अन्य समाज जन उपस्थित रहे।


## आवश्यकता है..

ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वी पास, युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 20 वर्ष...

## सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा

मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र

• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग

| अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
| जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता





डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274

साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया
07182-230404

## आवश्यकता है..

*ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी., 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 9244872544/9201340520*

## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के महावीर कालोनी में स्थित अनाज फर्म ऑफिस मीरा ट्रेडर्स में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड वर्कर, रिसेप्शनिष्ट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पद पर कार्य के लिये युवक युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं भी..। संपर्क करें.. मनोज सचदेव मो. 9425822975*



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

## संघर्ष रंग लाया - दिव्यांग मुकेश को मिली नई रफ्तार, समाजसेवी की पहल और प्रशासन की संवेदनशीलता से साकार हुई मदद..

हर्ष पाण्डेय, जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***कुछ माह पूर्व प्रकाशित समाचार में ग्राम चीनी (जनपद परसवाड़ा) के दिव्यांग युवक मुकेश सर्राटे के संघर्ष को प्रमुखता से उठाया गया था। उस समय वे पुरानी ट्राइसाइकिल के सहारे गांव-गांव जाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे***





और एक बेहतर साधन की उम्मीद लगाए बैठे थे। अब वही उम्मीद हकीकत में बदल गई है और मुकेश को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल मिल गई है, जिससे उनके जीवन में नई गति और आत्मविश्वास आया है।

### 7 अप्रैल को मिला जीवन बदलने वाला सहारा

समाचार के प्रकाशन के बाद समाजसेवी रामेश्वर कटरे की पहल और प्रशासन के प्रयासों से 7 अप्रैल को बैहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसडीएम अर्पित गुप्ता द्वारा मुकेश सर्राटे को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर मुकेश के चेहरे पर खुशी साफझलक रही थी।

### 'पहले से प्रयासरत थे' – एसडीएम अर्पित गुप्ता, मीडिया से चर्चा करते हुए एसडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया..

'यह प्रकरण काफी पहले हमारे पास आया था, जब मैं परसवाड़ा में पदस्थ था। हमें जानकारी मिली कि मुकेश को इस ट्राइसाइकिल की आवश्यकता है। उनकी मेहनत और लगन को ध्यान में रखते हुए हम लगातार प्रयासरत थे कि उनके लिए यह व्यवस्था हो सके। आज यह संभव हुआ, इसकी खुशी है।'

### उन्होंने आगे कहा..

'मैं डीसीएस लिमिटेड का धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने हमारी बात को समझा और सहयोग किया। उनके सहयोग से ही मुकेश को यह ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जा सकी। हमें पूरी उम्मीद है कि इससे केवल एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि कई लोगों में आत्मविश्वास पैदा होगा कि मेहनत और लगन से दिव्यांगता कभी बाधा नहीं बनती, बल्कि यही हमारी ताकत बन सकती है। एक सामान्य व्यक्ति की तरह जीविका अर्जन के लिए जो भी करना जरूरी है, वह हम कर सकते हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि आगे भी ऐसे जरूरतमंदों की मदद करते रहें।'

### रामेश्वर कटरे की पहल बनी बदलाव की वजह..

इस पूरे मामले में समाजसेवी रामेश्वर कटरे की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने मुकेश की समस्या को प्रशासन तक पहुंचाया और लगातार प्रयास कर उन्हें यह सहायता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### मुकेश की खुशी - 'आज बहुत खुश हूं', बैटरी ट्राइसाइकिल मिलने के बाद मुकेश सर्राटे ने भावुक होकर कहा..

'मैं आज बहुत खुश हूं। जिन्होंने भी मेरी मदद की है, उन्हें दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। खासकर हमारे गांव के समाजसेवी रामेश्वर भैया को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनकी वजह से मुझे यह सहारा मिला।'

### संघर्ष से प्रेरणा तक की कहानी-

कभी पुरानी ट्राइसाइकिल के सहारे संघर्ष करने वाले मुकेश अब नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ अपने काम को आगे बढ़ा सकेंगे।

यह कहानी न केवल एक व्यक्ति की मदद की है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि जब समाज और प्रशासन मिलकर संवेदनशीलता दिखाते हैं, तो किसी का भी जीवन बदला जा सकता है।

## परसवाड़ा में युवा शक्ति संवाद का आयोजन, युवाओं ने सामाजिक बदलाव का लिया संकल्प..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***परसवाड़ा के बिजाटोला स्थित राहुल मैरिज लॉन में रविवार, 5 अप्रैल 2026 को 'युवा शक्ति संवाद' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चला,***





जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर विभिन्न सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। समाजसेवी देवेंद्र ऐडे ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना था, जहां वे आपसी संवाद के माध्यम से अपने विचार साझा कर सकें और समाज के विकास में अपनी भूमिका तय कर सकें। इस अवसर पर युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

दिलीप कटरे ने जानकारी देते हुए बताया कि संवाद के दौरान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में गरीब बच्चों की सहायता, दुर्घटना एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सहयोग तथा नशा मुक्ति अभियान को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में युवाओं को रोजगार के अवसरों और कौशल विकास के प्रति भी प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सत्य, अहिंसा और सेवा के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। स्थानीय नागरिकों को भी उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी देवेंद्र ऐडे ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आगे आकर समाज सेवा, शिक्षा, नशा मुक्ति और आपातकालीन सहायता जैसे कार्यों में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

कार्यक्रम में दिलीप कटरे, मिथलेश राणा, गणेश वांडरे, संदीप सोनी, मयंक कटरे, हर्ष, गजेन्द्र सर्राटे, किसन मंडलवार, भेजलाल, राज, राजेश सोनवाने, राधेश्याम कटरे, घनश्याम राहंगडाले, राहुल सोनवाने सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

## बिठली नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई, 4 ट्रैक्टर जब्त, 2 फरार..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले की तहसील बिरसा अंतर्गत ग्राम बिठली स्थित नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफप्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में संलिप्त कुल 6 ट्रैक्टरों को चिन्हित किया गया, जिनमें से 4 ट्रैक्टरों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया।***






डिप्टी कलेक्टर एवं बिरसा के प्रभारी तहसीलदार श्री आदित्य नारायण तिवारी ने बताया कि प्रशासनिक टीम के पहुंचते ही 2 ट्रैक्टर चालक नदी पार कर पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ की सीमा में फरार हो गए हैं। जब्त किए गए ट्रैक्टरों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध रेत उत्खनन के खिलाफआगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और इसमें संलिप्त पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बलराम तालाब की सफाई कर दिया जल संरक्षण का संदेश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग द्वारा ग्राम बड़गांव-म में बलराम तालाब की साफ-सफाई का कार्य किया गया। यह तालाब प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (क्क्व्यस्ङ्घ) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में निर्मित किया गया है।***






उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि दिनांक 2 अप्रैल 2026 को आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान के दौरान तालाब में जमा गाद एवं कचरे को हटाकर जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। इस पहल का उद्देश्य जल स्रोतों की क्षमता बढ़ाना तथा किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर जल उपलब्ध कराना है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यों से जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि होती है और आने वाले समय में जल संकट से निपटने में सहायता मिलती है। साथ ही ग्रामीणों को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता भी देखने को मिली, जिन्होंने स्वेच्छा से श्रमदान कर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया है।

## जिले में समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी 30 मार्च से की जा रही है

### 28 मई तक की जायेगी चना की खरीदी

### चना खरीदी के लिए मंडी स्तर पर बनाये गये हैं 08 केन्द्र

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चना उपार्जन का कार्य 30 मार्च 2026 से प्रारंभ हो गया है, जो 28 मई 2026 तक जारी रहेगा। इस वर्ष चना का समर्थन मूल्य 5875 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।***

समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए जिले के 2609 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में चना की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए कुल 08 केन्द्र बनाये गये हैं।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि सेवा सहकारी समिति पायली द्वारा कृषि उपज मंडी बालाघाट (गोंगलई), सेवा सहकारी समिति कायदी द्वारा कृषि उपज मंडी समिति वारासिवनी, सेवा सहकारी समिति खैरलांजी द्वारा कृषि उपज मंडी खैरलांजी (किन्ही), सेवा सहकारी समिति मिरेगांव द्वारा कृषि उपज मंडी

लालबर्रा (बकोड़ा), सेवा सहकारी समिति बनेरा द्वारा कृषि उपज मंडी कटंगी, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था उकवा द्वारा कृषि उपज मंडी बैहर (मोहगांव), आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था परसवाड़ा द्वारा कृषि उपज मंडी रसवाड़ा एवं सेवा सहकारी समिति मांझापुर द्वारा कृषि उपज उपमंडी कनकी में चना की खरीदी की जा रही है।

जिला प्रशासन ने जिले के सभी पंजीकृत किसान भाइयों से अपील की है कि वे ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक कर अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित खरीदी केन्द्रों पर चना विक्रय करें।

## सतपुड़ा कॉलेज में 'Skills Startups Road Map for IT Companies' विषय पर कार्यशाला आयोजित

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सतपुड़ा कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक, बालाघाट में आज 'Skills Startups Road Map for IT Companies' विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।***






यह कार्यक्रम कॉलेज के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आईटी सेक्टर में करियर निर्माण, स्टार्टअप अवसरों एवं आवश्यक स्किल्स के प्रति जागरूक करना रहा। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री प्रशांत कढ़ाओ (आईटी उद्यमी एवं फाउंडर डायरेक्टर, क्क्य्र ञ्जद्गष्द्धठ्ठशद्यशद्दद्बद्गह्य क्क1ह्. रुह्लस्र.) रहे। उन्होंने छात्रों को आईटी इंडस्ट्री की वर्तमान आवश्यकताओं, स्टार्टअप शुरू करने की रणनीति तथा स्किल डेवलपमेंट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही श्री अमोद चौधरी (रूश्वक्रह्र स्ह्लड्डष्द्म ष्ठद्ग1द्गद्यशश्चद्गह्म, क्क्य्र ञ्जद्गष्द्ध-ठ्ठशद्यशद्दद्बद्गह्य क्क1ह्. रुह्लस्र., नागपुर) ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गोरखनाथ भुरे (ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर) ने बताया कि ऐसे आयोजन छात्रों को इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार करने में सहायक होते हैं तथा उनके करियर को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के डायरेक्टर महोदय ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत हीरापुर

जनपद पंचायत बालाघाट, जिला बालाघाट (म.प्र.)

**निविदा सूचना**

क्र./ग्राम पंचायत हीरापुर/2026 दिनांक 02/04/2026

विषयांकित वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य, विभिन्न योजना मद से सम्पन्न किया जाना है जो इस प्रकार है। सांसद निधि, विधायक निधि, गौण खनिज, जीरामजी, मनरेगा, पांचवा वित्त, पन्द्रहवा वित्त, चौदहवा वित्त, सर्वशिक्षा अभियान स्वच्छ भारत मिशन, परफार्मेन्स ग्रांट, वृक्षारोपण, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत से प्राप्त राशि से विभिन्न निर्माण कार्य किया जाना है। जिसके लिये सामग्री लोहा 8,10,12,16 एमएम, सीमेंट, गिट्टी 20 एमएम, 40 एमएम, ईट परिवहन सहित रेत, पीवीसी पाईप, सीमेंट पाईप, सेंट्रिंग पॉलिथिन, तार, कील, बोल्डर, मिक्सर मशीन, वायब्रेटर रोलर, नल सामग्री, शीट टाईल्स, विद्युत पोल, विद्युत सामग्री, पेंट, स्टेशनरी, फोटोकापी, जलपान प्रबंधन, फ्लेक्स, डेकोरेशन, कम्प्यूटर संबंधी सामग्री एवं कार्यालय संबंधित सामग्री क्रय आदि हेतु 07/04/2026 से 14/04/2026 तक बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सामग्री सप्लायर, कार्यालय समय में आकर कार्यालय में निविदा जमा कर सकते है। निविदा के संबंध में जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा।

| | |
|---|---|
| **श्रीमती शांति दीवान**<br>**सरपंच** | **नत्थूलाल आमाडारे**<br>**उपसरपंच** |
| **भेदेश्वर बिसेन**<br>**सचिव** | **अजय लिल्हारे**<br>**प्रभारी रोजगार सहायक** |

**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत हीरापुर**

सुश्रृत क्षारसुत्र व आयुर्वेद पंचकर्म सेंटर

● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)

● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग



अत्याधुनिक व्हेसल सिलर, लेजर व क्षारसुत्र द्वारा दर्दरहित सफल चिकित्सा



व्हेसल सिलर मशिन




लेजर मशिन



लेजर

डॉ. कमलापती खोब्रागडे
M.S. (Shalya)
मुळव्याध, भगंदर व गुदारोग तज्ञ

डॉ. सौ. अपर्णा खोब्रागडे
BAMS, D.P.C. (Mumbai)
आयुर्वेद पंचकर्म तज्ञ

साकेत पब्लिक स्कुल के पास, गणेश नगर, गोंदिया (महाराष्ट्र)
फोन : 07182-230404, मोबाईल : 09823021274












दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या, 125 आवेदकों ने दिये अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 07 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव ने आवेदकों की***

समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 125 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।

जनसुनवाई में सरस्वती नगर बालाघाट की सरिता घनश्याम मुरकुटे शिकायत लेकर आयी थी कि सेंट्रल बैंक शाखा खैरी भटेरा के ब्रांच मैनेजर द्वारा उससे अत्यधिक ब्याज वसूलने, पीएम आवास योजना के तहत ब्याज दर में छूट प्रदान न करने तथा वर्ष 2021 से होम लोन की किश्तों से 03 लाख रुपये से अधिक की राशि वसूली जा रही है। सरिता ने बताया कि वह शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय चरेगांव में पदस्थ है और उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सेंट्रल बैंक शाखा खैरी भटेरा से लोन स्वीकृत किया गया था।

किंतु बैंक मैनेजर द्वारा उसे योजना के तहत ब्याज दर में छूट नही प्रदान की गई। इसके साथ ही उससे लोन की किश्तों से ऋण का ब्याज लगभग वर्ष 2021 से प्रतिमाह वसूला जा रहा है, लेकिन ऋण राशि में किसी तरह की कटौती नही की जा रही है। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। जनसुनवाई में बालाघाट गुजरी चौक के सब्जी विक्रेता संघ द्वारा शिकायत की गई कि गुजरी में सब्जी की दुकान लगाने वाले दुकानदारों से निर्धारित राशि से अधिक की वसूली की जा रही है। उन्होंने बताया कि गुजरी चौक बालाघाट के ठेकेदारों द्वारा अब तक गुजरी चौक में सब्जी दुकान लगा रहे दुकानदारों से 10 से 20 रुपये तक की वसूली की जाती थी। किंतु अब ठेकेदारों द्वारा गुजरी चौक में बैठकी के 50 से 60 रुपये लिए जा रहे है। इस प्रकरण में सीएमओ बालाघाट को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

वारासिवनी तहसील के ग्राम कोचेवाही निवासी बुधराम माहेश्वर शिकायत लेकर आये थे कि जनगणना के दौरान उसके घर के सामने गणना क्रमांक एवं मकान नंबर नही लिखा गया है। बुधराम ने बताया कि गणना के लिए आये अधिकारियों द्वारा परिवार की गणना तो की गई किंतु मकान में सर्वे क्रमांक मकान नंबर नही दर्ज किया गया। अतः बुधराम ने शीघ्र उसके मकान में सर्वे क्रमांक व मकान क्रमांक लिखने की मांग की है। इस प्रकरण में तहसीलदार वारासिवनी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत परसवाड़ा के दीपक परते कोविड 19 के दौरान की गई भोजन व्यवस्था की राशि न मिलने की शिकायत लेकर आये थे। दीपक का कहना था कि वर्ष 2022 में कोविड के समय ग्राम पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम सेरपार में अस्थायी हॉस्पिटल बनाया गया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम अनिल कुकडे द्वारा उससे भोजन व्यवस्था का कार्य करवाया गया था। इस भोजन व्यवस्था के कार्य की 92 हजार रुपये की भुगतान राशि उसे अब तक प्रदाय नही की गई है। दीपक ने बताया कि उसने स्वास्थ्य विभाग में कई बार इस संबंध में चर्चा की लेकिन विभाग द्वारा 03 वर्षो से उसके साथ टालमटोल किया जा रहा है। इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

किरनापुर तहसील के ग्राम दहीगड़वा निवासी फूलचंद पटले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृत कराने की मांग लेकर आये थे। फुलचंद का कहना था कि एक मजदूर है जिसका दहीगड़वा में कच्चा मकान है जो जीर्णशीर्ण हो चुका है और कभी भी गिर सकता है। पीएम आवास योजना के तहत राशि स्वीकृति के लिए उसने कई बार ग्राम पंचायत में आवेदन किया किंतु अब तक कोई कार्यवाही नही की गई है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ किरनापुर को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

वारासिवनी निवासी शीला बाई बर्वे शहर एवं नहर के पानी निकासी का नाला/रास्ता अतिक्रमण हटाने की मांग लेकर आयी थी। शीला बाई का कहना था कि पानी निकासी के नाले पर अतिक्रमण के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिड़ी कॉलोनी स्थित एरिकेशन (सिंचाई) ऑफिस के पीछे से गुजरने वाला नाला शहर एवं नहर के पानी निकासी का मुख्य मार्ग है। नाले के आसपास कुछ लोगों द्वारा मिट्टी और मुरम डालकर उसे संकरा एवं लगभग बंद कर दिया गया है, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है।

शीला बाई बर्वे ने प्रशासन से मांग की है कि नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर पानी के सुचारू निकासी मार्ग को पुनः बहाल किया जाए, ताकि क्षेत्र के निवासी सुरक्षित रह सकें और भविष्य में जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। इस प्रकरण में सीएमओ वारासिवनी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में बालाघाट तहसील के वार्ड क्रमांक 02 भटेरा चौकी निवासी सुरेश भोंगाड़े अपनी पुत्री को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में प्रवेश दिलवाने की मांग लेकर आये थे। सुरेश का कहना था कि वह एक गरीब मजदूर है जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। सुरेश ने बताया कि वह अपनी पुत्री नंदनी को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में प्रवेश दिलाना चाहता है लेकिन वह इसके लिए सक्षम नही है। अतः उसने जिला प्रशासन से मांग की है कि उसकी पुत्री का सांदीपनि विद्यालय कक्षा 9वीं में प्रवेश दिलाया जाए। इस प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

## साधना सप्ताह की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ाई गई, शिक्षकों एवं सभी शासकीय सेवकों को प्रशिक्षण पूर्ण करने के निर्देश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***शासन द्वारा आयोजित 'साधना सप्ताह' की अवधि बढ़ाकर अब 10 अप्रैल 2026 तक कर दी गई है। यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य सभी शासकीय सेवकों, विशेषकर शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी क्षमता का विकास करना है।***

पूर्व में साधना सप्ताह का आयोजन 02 अप्रैल से 08 अप्रैल 2026 तक निर्धारित किया गया था, लेकिन अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने शिक्षकों एवं सभी शासकीय सेवकों को साधना सप्ताह के अंतर्गत 10 अप्रैल तक निर्धारित प्रशिक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य शासकीय तंत्र को सुदृढ़ बनाना है, जिसके तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण से जोड़ा जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न ÷लर्निंग पाथवे÷ को अपनाने तथा द्वतह्ळ्ञ कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साधना सप्ताह के दौरान शासकीय सेवक द्वतह्ळ्ञ कर्मयोगी पोर्टल पर भूमिका आधारित प्रशिक्षण, विभिन्न गतिविधियों और चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। यह पहल राष्ट्रीय उत्थान के लिए अनुकूलनशील विकास और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

'साधना सप्ताह' के अंतर्गत कर्मयोगी भारत द्वारा राज्यवार प्रदर्शन का मूल्यांकन निर्धारित मानकों के आधार पर किया जा रहा है। इस मूल्यांकन में दो प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया गया है, जिनका वेटेज भी तय किया गया है।

04 घंटे के कोर्स पूर्ण करने वाले शासकीय सेवकों की संख्या को 70 प्रतिशत वेटेज दिया गया है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ट्ठ) से संबंधित कम से कम एक कोर्स पूर्ण करने वाले शासकीय सेवकों की संख्या को 30 प्रतिशत वेटेज निर्धारित किया गया है।

राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की रैंकिंग बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग के सभी लोकसेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशानुसार सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को 5 से 6 पाठ्यक्रम पूर्ण करने होंगे, जिनकी कुल अवधि कम से कम 4 घंटे हो। इसके साथ ही प्रत्येक लोकसेवक के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ट्ठ) से संबंधित कम से कम एक कोर्स पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने सभी संबंधितों से अपील की है कि वे निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समयसीमा में कोर्स पूर्ण कर राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थान दिलाने में योगदान दें।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

## खैरलांजी में ग्राम पंचायत सचिवों को दिया गया जल परीक्षण का प्रशिक्षण



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट द्वारा जनपद पंचायत खैरलांजी कार्यालय में 07 मई 2026 को फील्ड टेस्ट किट (स्न्ञ्य) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम में एसडीएम श्री कार्तिकेय जैसवाल एवं जनपद पंचायत खैरलांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री वृन्दावन मीणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के 62 ग्राम पंचायत सचिवों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड कटंगी की केमिस्ट सीमा मेश्राम द्वारा एफ्टीके (स्न्रद्बद्धद्यस्र ञ्लद्गह्यह्ल चद्बह्ल) के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित बीमारियों की रोकथाम करते हुए जमीनी स्तर पर जल गुणवत्ता की निगरानी को मजबूत बनाना है। अधिकारियों ने बताया कि एफ्टीके किट के माध्यम से अब मौके पर ही पानी की शुद्धता की जांच संभव है। प्रशिक्षण के दौरान एफ्टीके किट के उपयोग से पानी के नमूनों की जांच का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, पीएच एवं बैक्टीरिया जैसी अशुद्धियों की पहचान करने के तरीके बताए गए। निर्देश दिए गए कि प्रत्येक पेयजल स्रोत की वर्ष में कम से कम दो बार रासायनिक एवं जीवाणु संबंधी जांच अनिवार्य रूप से की जाए। ग्राम पंचायत सचिवों को अपनी जल एवं स्वच्छता समिति के साथ मिलकर नियमित जांच सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम श्री कार्तिकेय जैसवाल एवं सीईओ श्री वृन्दावन मीणा ने कहा कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पंचायत सचिव अपने-अपने क्षेत्रों के स्कूलों, आंगनबाड़ियों एवं सार्वजनिक जल स्रोतों की नियमित जांच सुनिश्चित करें, जिससे जलजनित बीमारियों की रोकथाम हो सके।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ श्री जितेन्द्र कारमेघे एवं उपयंत्री श्री विनोद कुमरे ने बताया कि एफ्टीके किट एक सरल एवं प्रभावी साधन है, जिससे गांव स्तर पर ही तुरंत पानी की गुणवत्ता का परीक्षण किया जा सकता है। कार्यक्रम में केमिस्ट सीमा मेश्राम, मीना राहंगडाले, नेमसिंह मर्सकोले एवं विकासखंड समन्वयक मोहिनी पटले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान कुछ ग्राम पंचायत सचिवों ने मौके पर ही जल परीक्षण कर अपनी समझ का प्रदर्शन भी किया।

## ग्राम भजियापार में श्रीमद् भागवत महापुराण समापन पर विधायक गौरव पारधी ने लिया व्यास पीठ का आशीर्वाद..





जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भजियापार (रंगोटोला) में आयोजित आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं भक्ति ज्ञानयज्ञ का समापन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।***

कथा का आयोजन भागवताचार्य जयप्रकाश शर्मा (आगरा) महाराज के सानिध्य में हुआ, जिनके मुखारविंद से प्रातः एवं सायंकाल नियमित कथा प्रवचन किए गए। कथा समापन अवसर पर विधायक श्री गौरव सिंह पारधी उपस्थित रहे। उन्होंने व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दीं।

समापन दिवस पर संगीतमय श्रीराम कथा का विश्राम किया गया, जिसके उपरांत विधि-विधान से हवन संपन्न हुआ और महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने आस्था और श्रद्धा के साथ हवन में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा महाप्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों और आयोजन समिति का सराहनीय समन्वय देखने को मिला, जिससे पूरा आयोजन सुव्यवस्थित और गरिमामय रूप में संपन्न हुआ।

### धर्म और संस्कृति समाज की आत्मा हैं : विधायक गौरव पारधी

**कार्यक्रम में विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और आपसी सद्भाव, नैतिक मूल्यों तथा सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामवासियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में धर्म और संस्कृति से जुड़े ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग मिलता रहेगा।**

**कार्यक्रम में महेश भगत, लखन लाल पटले, श्याम सुंदर पटले, दीपक पारधी, परम हरिनखेडे, शिव हरिनखेडे, डिलेद पटले, रामदयाल ठाकरे, विजय राऊत, योगराज सोनवाने, मुन्ना बोपचे, राजेंद्र सुखचंद पटले, लालू हरिनखेडे, निरंजन सोनवाने, देवेंद्र पटले, प्रणय चंचल, गणेश सोनवाने, देव भगत, जगदीश हरिनखेडे, अमृतलाल पटले सहित समस्त ग्रामवासी एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।**

## चंदन नदी के मोहगांव घाट पर श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश, जन अभियान परिषद की पहल..






जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड वारासिवनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चंदन नदी के मोहगांव घाट पर श्रमदान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति मोहगांव खुर्द एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस अभियान में प्रतिभागियों ने नदी किनारे पन्नी, कचरा एवं गाद निकालकर व्यापक साफ-सफाई की। इस श्रमदान के माध्यम से जल स्रोतों को स्वच्छ रखने और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। श्रमदान के पश्चात एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें जल की प्रत्येक बूंद बचाने का संकल्प दिलाया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि वर्तमान समय में जल का महत्व लगातार बढ़ रहा है। यदि अभी से जल संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो भविष्य में जल संकट विकराल रूप ले सकता है। उन्होंने ÷जल नहीं तो कल नहीं÷ का संदेश देते हुए सभी से वर्षा जल संचयन, बोरी बंधान, सोख्ता गड्ढों जैसे छोटे-छोटे उपाय अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर झामसिंह बिसेन, चंदनलाल ठाकरे, सत्यवती नागपुरे, अपर्णा साहरे, विकास बिसेन, पूजा गजभिए सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कपिलधारा कुएं से बदली किसान की किस्मत, सिंचाई सुविधा से बढ़ी आय

जगप्रेरणा लालबर्रा।

***जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत बेलगांव में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत निर्मित कपिलधारा कुआं एक किसान के लिए वरदान साबित हुआ है। ग्राम बेलगांव के हितग्राही टन्टूलाल सिंघनदुपे को***

इस योजना के माध्यम से स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध हुई, जिससे उनकी कृषि और आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

हितग्राही के पास लगभग 1.50 एकड़ कृषि भूमि थी, लेकिन सिंचाई के साधनों के अभाव में वे केवल वर्षा आधारित खेती पर निर्भर थे। इसके कारण उन्हें साल में एक ही फसल (धान) से सीमित उत्पादन मिलता था और आय भी कम रहती थी।

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत वर्ष 2019 में लगभग 1 लाख रुपए की लागत से कपिलधारा कुएं का निर्माण किया गया, जो 2022 में पूर्ण हुआ। इस निर्माण कार्य में हितग्राही एवं उनके परिवार द्वारा 95 मानव दिवस का रोजगार भी प्राप्त किया गया।

कुएं के निर्माण के बाद खेत में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो गई, जिससे अब हितग्राही वर्ष में दो फसलें ले पा रहे हैं। पहले जहां केवल 4-5 क्विंटल धान उत्पादन होता था, वहीं अब उत्पादन बढ़कर 15-16 क्विंटल प्रति वर्ष हो गया है। आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पहले जहां वार्षिक आय लगभग 10,000 रुपए थी, अब बढ़कर 32-33 हजार रुपए प्रति वर्ष हो गई है। इससे किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और परिवार के जीवन स्तर में सुधार आया है।

हितग्राही टन्टूलाल सिंघनदुपे का कहना है कि कपिलधारा कुएं के निर्माण से उन्हें स्थायी सिंचाई का साधन मिला, जिससे अब वे आत्मनिर्भर बन सके हैं और अपने परिवार का बेहतर पालन-पोषण कर पा रहे हैं।

यह उदाहरण दर्शाता है कि मनरेगा के अंतर्गत बनाई जा रही स्थायी परिसंपत्तियां ग्रामीण किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।


### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

जग प्रेरणा
# लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## किरनापुर में शिक्षा को नई दिशा, अटल टिंकरिंग लैब हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण प्रगति पर..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिले के विकासखंड किरनापुर में शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक बदलाव देखने को मिल रहा है। पीएम श्री योजना के अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल (गर्ल्स) किरनापुर में अटल टिंकरिंग लैब***



के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत राशि 16.30 लाख रुपये है। पूर्व में विद्यालय में आधुनिक शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रयोगात्मक शिक्षण के लिए पर्याप्त स्थान का अभाव था। विशेषकर विज्ञान और तकनीकी आधारित गतिविधियों को संचालित करने में कठिनाइयाँ आती थीं। छात्राओं की जिज्ञासा और सीखने की इच्छा होते हुए भी संसाधनों की कमी बाधा बन रही थी। अब इस अतिरिक्त कक्ष के निर्माण से विद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रस्तावित अटल टिंकरिंग लैब छात्राओं को नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगी। यहाँ छात्राएं रोबोटिक्स, विज्ञान मॉडल, डिजिटल प्रयोग एवं नई तकनीकों के साथ सीखने का अवसर प्राप्त करेंगी।

इस पहल से न केवल छात्राओं को सुरक्षित एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, बल्कि शिक्षकों को भी आधुनिक एवं प्रभावी तरीके से शिक्षण कार्य करने में सहायता मिलेगी। यह कक्ष शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्र. 02, बालाघाट का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह निर्माण कार्य आने वाले समय में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव सिद्ध होगा।

## निमटोला,थानेगांव मार्ग के निर्माण कार्यों के गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

### नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्य तो संचालित है लेकिन क्या यह निर्माण कार्य पूर्ण गुणवता से किये जा रहे है वर्तमान में यह एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है क्योकि जिस विभाग के अन्तर्गत निर्माण कार्य संचालित है***

उनके अधिकारी इंजीनियर शायद कुंभकरणीय नींद में जिसके चलते ठेकेदारो के द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य गुणवत्ता हीन श्रेणी में दिखाई दे रहे है। ऐसा ही एक मार्ग लांजी मुख्यालय के अन्तर्गत निर्माण धीन है जो कि नगर के वार्ड क्रमांक 14 नीमटोला से समीपस्थ ग्राम पंचायत थानेगांव तक निर्माण किया जा रहा है। ग्राम थानेगांव वासियो के लिये यह एक बहुप्रतिक्षित मार्ग था जिससे ग्राम पंचायत पंहुचने में आसानी होती है महज 2 किमी से कम की दुरी तय कर थानेगांव वासी अपने ग्राम पंहुच सकते है। इसकी आवश्यकता को देखते हुये जल्द से जल्द इस मार्ग का निर्माण कार्य करवाया जाना आवश्यकता था। बडी देरी के पश्चात मार्ग प्रारंभ तो हो चुका है लेकिन ग्रामीणो के द्वारा लगातार मार्ग के गुणवत्ता हिन निर्माण कार्य की बात कही जा रही है।



### गुणवत्ताहीन बेस कार्य

बतादे कि उक्त मार्ग को लेकर लगातार शिकायतें कि जा रही थी लेकिन ना तो विभाग के अधिकारी, इंजीनियर ध्यान दे रहे थे और ना ही ठेकेदार, पूर्व में निर्मित कार्य को ही देखा जाये तो वह उखडने लगा है। तथा अब जब दोबारा इस मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है तो मौका स्थल पर देखा जा सकता है किस कदर गुणवत्ताहीन बेस कार्य किया गया है।

मार्ग निर्माण के समय निर्माण स्थल पर इंजीनियर या विभाग के संबधित तकनीकी व्यक्ति को होना आवश्यक है जो कि यह देखे कि ठेकेदार के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह मापदण्ड के अनुरूप है या नही लेकिन वर्तमान में निर्माण कार्य के समय कोई भी अधिकारी कर्मचारी उक्त स्थल से नदारद है। वहीं ठेकेदार के द्वारा जो बेस कार्य किया गया जा रहा है उसमें सीमेन्ट की मात्रा ना के बराबर दिखाई दे रही है जिसकी भी जांच की जानी चाहिये।

### मार्ग निर्माण के लिये लगाया गया सूचना बोर्ड में आधी अधूरी जानकारी, लागत गायब

उक्त मार्ग के निर्माण कार्य के लिये निविदाकार के द्वारा जो सूचना बोर्ड लगाया गया है वह भी आधा अधूरा है। मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग अंकित इस बोर्ड में कार्य का नीमटोला नहर से थानेगांव मार्ग, मार्ग की लंबाई 1.80 किमी, लागत राशि के रिक्त है मतलब किस लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है यह निविदाकार के द्वारा या विभाग के द्वारा अंकित नही किया गया है। ठेकेदार का नाम मेसर्स टीबी एस इंफ्रास्ट्रक्चर गोंदिया, कार्यप्रारंभ करने के तिथी अंकित नही है, कार्य कब प्रारंभ हुआ यह शायद ठेकेदार और विभाग को नही पता होगा। अनुबंधानुसार कार्य पूर्ण करने की तिथी भी अंकित नही है यह भी नही पता कि कार्य कब पूर्ण होगा। परफर्मेंस गारंटी की अवधि 5 वर्ष है। कार्यपालन यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी तथा उपयंत्री का नाम बोर्ड में अंकित है। बोर्ड में अतिआवश्यक था कार्य की लागत, कार्य प्रारंभ दिनांक एवं पूर्णता दिनांक तथा किस डिजाईन, मटेरियल आदि का उपयोग कर इस मार्ग का निर्माण कार्य किया जाना है लेकिन ऐसा कुछ भी बोर्ड में अंकित नही दिखाई दिया जिससे साथ प्रतित होता है कि विभाग के अधिकारी कर्मचारी कितने लापरवाह है जो कि निविदाकारो से पूरी तहर से अंकित सूचना बोर्ड भी नही लगवा पा रहे है।

## किरनापुर के ग्राम धड़ी में की गई जल गुणवत्ता परिक्षण और स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के किरनापुर के ग्राम धड़ी में जल गुणवत्ता परीक्षण और स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।***

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क्ाश्वष्ठ) बालाघाट द्वारा फील्ड टेस्टिंग किट (स्नञ्जय) के माध्यम से ग्राम पंचायत, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल स्त्रोतों की मौके पर जांच की गई। एफ्टीके उपयोगकर्ताओं ने जल के नमूनों की जांच कर ग्रामीणों को इसकी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। अभियान में सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी को जल परीक्षण की विधि और इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। परीक्षण के दौरान पानी में क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड और पीएच जैसे महत्वपूर्ण मानकों की जांच की गई।

अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी जल नमूने में दूषण पाया जाता है, तो उसे विस्तृत जांच के लिए जिला या ब्लॉक स्तर की प्रयोगशाला में भेजा जाता है। इस दौरान जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। ग्रामीणों, शिक्षकों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया और सुरक्षित पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ाई। प्रशिक्षण के बाद ग्राम पंचायतों को एफ्टीके किट वितरित की गई, ताकि वे नियमित रूप से अपने क्षेत्र के जल स्त्रोतों की जांच कर सकें। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्रुति गजभिये, फनीश रंगारे एवं पीएमयू से हरीश झा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## महावीर इंटरनेशनल की सराहनीय पहल.. जयंती अवसर पर प्याऊ का शुभारंभ कर पक्षियों के लिए बांधे सकोरे..

जगप्रेरणा लांजी।

***महावीर इंटरनेशनल लांजी, जिला बालाघाट म प्र द्वारा संगठन की प्रेरणा एवं सौजन्य से ग्राम बिसोनी में हनुमान जयंती और महावीर जयंती के अवसर शीतल जल वाटिका का शुभारंभ बिसोनी (लांजी) में किया गया।***








भीषण गर्मी को देखते हुए क्षेत्र में आज एक नए प्याऊ का शुभारंभ किया गया।इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, मजदूरों और आम नागरिकों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। प्याऊ का उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की व्यवस्था करना एक पुण्य कार्य है और इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। प्याऊ पर प्रतिदिन स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाएगी तथा नियमित रूप से साफ-सफाई का भी ध्यान रखा जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा कार्य समाज के लिए बेहद उपयोगी है।

### हरित पौधा रोपण अभियान तहत पौधा वितरण किया गया

पर्यावरण संरक्षण और हरित अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज महावीर इंटरनेशनल लांजी संस्था/संगठन द्वारा पौधे वितरण कार्यक्रम का किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण किसानों को किया गया। लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। ÷पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण को रोकने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

### पक्षियों के पानी के सकोरे वितरण..

बढ़ती गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी के सकोरे (मिट्टी के बर्तन) वितरण का सराहनीय कार्य किया गया। इस दौरान लोगों को अपने घरों की छतों और आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को बताया गया कि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है, और ऐसे छोटे प्रयास उनके जीवन को बचाने में मददगार साबित हो सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों को निःशुल्क सकोरे वितरित किए गए। इस पहल के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश भी दिया गया।

आयोजकों ने सभी से अपील की कि वे नियमित रूप से सकोरों में पानी भरते रहें ताकि पक्षियों को राहत मिल सके।महावीर इंटरनेशनल लांजी के सभी सदस्यों जिनमें रामकुमार खरगाल, फणींद्र दुरुगकर, भूपेश कराहे, प्रमोद नखाते, राजा भूते, अरशद खान, दादू नकतोडे, दुर्गेश तिडक़े नंदकिशोर बिलावर, नेहाल गौतम, उमाकांत उपराडे, लीलाराम, कुबेर कराहे, गोरख कराहे, प्रदीप अग्रवाल, आदि अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत केरेगांव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 06/04/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत केरेगांव जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड, जिला पंचायत फंड, वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री,टाइल पानी टैंकर, मिक्सर मशीन, सेंट्रिंग, वाइब्रेटर, दरवाजे, खिड़की, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, कंप्यूटर सामग्री, सीमेंट कुर्सी, प्लास्टिक कुर्सी, व्हील चेयर, टेबल पेवर, ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री, फोटो कापी ,पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 08 अप्रैल 2026 से 13 अप्रैल 2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्रीमती शशिकला बिसेन — उपसरपंच मुकेश टेभंरे — सचिव अनाराम चौधरी

सह . सचिव - हरिराम बावनथडे, एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत केरेगांव जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

ग्राम पंचायत बम्हनवाडा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 05/04/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बम्हनवाडा जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 10/04/2026 से 25/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्रीमती संजू नंदकिशोर नागफासे — उपसरपंच श्री मोहपत्त पंद्रे — सचिव कुंवर लाल कुतरिया

सहा. सचिव धर्म राज मेश्राम समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बम्हनवाडा जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

ग्राम पंचायत - माटे, जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 07/04/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत माटे जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड ,जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड , राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 12/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।
निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

सरपंच श्रीमती सुनीता देवराम पांचे — उपसरपंच श्री सुंदरलाल भेड़ाम — सचिव श्री झंकारसिंह रंहागडाले

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत माटे जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

ग्राम पंचायत - डूंडा सिवनी, जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश )

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 07/04/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डूंडा सिवनी जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड ,जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड , राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 12/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्री उमेश मातरे — उपसरपंच श्री बनवासी खरे — सचिव श्री फूलचंद रंहागडाले

सहायक सचिव गणेश उइके, एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत डूंडा सिवनी जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

ग्राम पंचायत - सिंगोड़ी, जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 07/04/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिंगोड़ी जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड ,जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड , राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 12/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्रीमती पुष्पलता डोमाजी पांचे — उपसरपंच श्री जगपाल पिछोड़े — सचिव श्री बालचंद गुर्जर

सहायक सचिव धनेंद्र कुमार पटले एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सिंगोड़ी जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

ग्राम पंचायत - डोंगरगांव, जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 07/04/2026

।। निविदा सुचना ।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डोंगरगांव जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड ,जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड , राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 12/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्रीमती सरिता धनराज मातरे — उपसरपंच श्रीमती आशा डोंगरे — सचिव श्री श्यामू खरे

सहायक सचिव श्री खेमराज मातरे, एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत डोंगरगांव जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।





## चार घंटे तक नजरें नहीं हटा पाया

# विराट कोहली ने की 'धुरंधर' की तारीफ..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल की व्यस्तता के बावजूद 'धुरंधर 2' देखी और सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वह चार घंटे तक स्क्रीन से नजरें नहीं हटा सके।***

कामयाबी का इतिहास रच चुकी आदित्य धर की धुरंधर का दूसरा भाग 19 मार्च को रिलीज हुआ और अब तक फिल्म दुनिया भर में 1600 करोड़ रूपये से अधिक का व्यवसाय कर चुकी है।

गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये आईपीएल खेल रहे कोहली ने फिल्म देखने के बाद इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'धुरंधर देखी और सच कहूं तो, भारत में बनी ऐसी फिल्म मैंने पहले कभी नहीं देखी। पूरी फिल्म में हर तरह के जज्बात उभर आए।' उन्होंने आगे लिखा ,'लगभग चार घंटे तक मैं एक बार भी बोर नहीं हुआ और आंखें भी नहीं हटाई । आदित्य धर, आपकी प्रतिभा और मेहनत पूरी फिल्म में साफदिख रही है । आपको सलाम है ।'



कोहली ने धर की तारीफ करते हुए आगे लिखा, 'आप सच में जीनियस हो। सभी एक्टर्स ने अच्छा काम किया लेकिन रणवीर सिंह , इस फिल्म के बाद आपका लेवल ही अलग हो गया है । आपकी एक्टिंग कमाल से भी ऊपर थी। सचमुच वाह ।' इस पर फिल्म के निर्देशक धर ने जवाब देते हुए लिखा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा कि यह हो रहा है । विराट , मेरे लिये यह बहुत मायने रखता है।'

उन्होंने कहा, 'मैं अंडर 19 विश्व कप के दिनों से आपका प्रशंसक रहा हूं। एक पीढी में एक बार होने वाले ऐसे लीजैंड से इस तरह तारीफ पाना खास है । आप जिस तरह से हर बार मैदान पर देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, उससे हमें प्रेरणा मिलती है । हम भी अपनी फिल्मों के जरिये भारत को गौरवान्वित करने का प्रयास करते हैं । जय हिन्द।' रणवीर सिंह के साथ उनकी पहली फिल्म 'बैंड , बाजा, बारात' में काम कर चुकी विराट की पत्नी और मशहूर अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने भी इंस्टाग्राम पर 'धुरंधर 2' की तारीफ की है ।

उन्होंने धर की तारीफ करते हुए लिखा ,'चार घंटे तक चलने वाली फिल्म बनाने के लिये बहुत साहस और विश्वास की जरूरत होती है। फिल्म शुरू से अंत तक आपको बांधे रखती है । आप बहुत ही मौलिक और मंझे हुए फिल्मकार हैं ।''

उन्होंने रणवीर , अर्जुन रामपाल, आर माधवन, राकेश बेदी समेत फिल्म के सभी कलाकारों की भी तारीफ की है । 'धुरंधर . द रिवेंज' 19 मार्च को रिलीज हुई और यह धर की दिसंबर 2025 में आई फिल्म 'धुरंधर' की अगली कड़ी है।

# 'लालच और पाप का चक्र फिर शुरू', जारी हुआ 'तुम्बाड 2' का खौफनाक मोशन पोस्टर, मेकर्स ने दिया प्रलय का संकेत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***2028 में रिलीज हुई कल्ट-क्लासिक 'तुम्बाड' किसे याद नहीं होगी। ओटीटी पर आने के बाद इस हॉरर फैंटसी को दर्शकों ने खूब पसंद किया और जब ये फिल्म री-रिलीज हुई तो कमाई के मामले में इतिहास रच दिया। सितंबर 2024 में सोहम शाह की ये फिल्म री-रिलीज हुई और 30 करोड़ से ज्यादा की कमाई करके अपने पहले के लाइफ टाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया।***

फिल्म की जबरदस्त सफलता को देखते हुए मेकर्स ने 'तुम्बाड 2' का भी ऐलान कर दिया। अब इस हॉरर-फैंटसी ड्रामा के सेकेंड पार्ट का पहला मोशन पोस्टर भी जारी किया जा चुका है। हाल ही में मेकर्स ने 'तुम्बाड 2' का मोशन पोस्टर जारी किया, जिसने दर्शकों के बीच हलचल पैदा कर दी है। फैंस इस फिल्म को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं।

### मेकर्स ने दिए प्रलय के संकेत..

इस फिल्म के निर्माता सोहम शाह हैं, जो इसमें अभिनय करते भी नजर आएंगे। तुम्बाड के पहले भाग में भी अपने अभिनय से वह दर्शकों पर खास छाप छोड़ने में सफल रहे और अब तुम्बाड 2 के साथ वह दर्शकों को फिर हैरान करने आ रहे हैं। सोहम शाह ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से 'तुम्बाड 2' का मोशन पोस्टर जारी किया, जिसमें 'पूर्ति की देवी' को दिखाया गया है और इस पूरे मोशन पोस्टर में जिस एक चीज ने सबका ध्यान अपनी तरफखींच लिया, वह थी इस पर लिखे दो शब्द 'प्रलय आएगा'। इस लाइन ने लोगों को सोच में डाल दिया है कि आखिर सोहम शाह अब किस बड़े धमाके की तैयारी में हैं।



### तुम्बाड 2 का मोशन पोस्टर..

तुम्बाड 2 का मोशन पोस्टर जारी करते हुए सोहम शाह ने कैप्शन में लिखा- 'हर संत का एक इतिहास होता है और हर पापी का एक भविष्य होता है। पापों की विरासत लौट रही है, लालच का चक्र चलता रहता है... तुम्बाड की दुनिया में एक बार फिर स्वागत है।'

इस मोशन पोस्टर में देवी की मूर्ति देखने को मिलती है और बैकग्राउंड में सस्पेंस से भरा म्यूजिक सुनने को मिलता है। मोशन पोस्टर के साथ ही बताया गया है कि फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

### तुम्बाड 2 के मोशन पोस्टर पर यूजर्स के रिएक्शन..

'तुम्बाड 2' के मोशन पोस्टर ने फैंस को भी खुश कर दिया है। सोशल मीडिया यूजर कमेंट के जरिए अपनी एक्साइटमेंट जाहिर कर रहे हैं। एक ने कमेंट करते हुए लिखा- 'अब और इंतजार नहीं होता, फिल्म कब रिलीज हो रही है?' एक और लिखता है- 'मोशन पोस्टर इतना शानदार है तो फिल्म कितनी जबरदस्त होगी, इसे सिनेमाघर में देखने का इंतजार करना मुश्किल है।' एक अन्य ने लिखा- 'मैं तो इस प्रलय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।'

### तुम्बाड 2 के कलाकार..

तुम्बाड 2 में सोहम शाह और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। ये फिल्म 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जहां तुम्बाड का निर्देशन राही अनिल वर्वे ने किया था तो वहीं तुम्बाड 2 के निर्देशन की कमान आदेश प्रसाद ने संभाली है और सोहम शाह और PEN स्टूडियोज इसके निर्माता हैं। हाल ही में फिल्म के मुहूर्त शॉट की तस्वीरें भी सामने आई थीं, जिन्हें देखकर दर्शक बेहद उत्साहित हो गए थे और अब फिल्म के मोशन पोस्टर ने दर्शकों की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है।

# गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर रहेगी नजर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी मजबूती बनाए रखना है तो बुधवार को यहां होने वाले मैच में गुजरात टाइटंस की लड़खड़ाती टीम के खिलाफ केएल राहुल की अगुवाई वाले उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।***

दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे वह पिछले कुछ मैच जीतने में सफल रही। बल्लेबाजी में उसकी तरफ से 22 वर्षीय समीर रिजवी ने अधिक जिम्मा संभाला है। इस युवा बल्लेबाज ने अपने धैर्य और कौशल का शानदार नमूना पेश करके प्रभावित किया है।

अगर राहुल और शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज लय में आ जाते हैं, तो दिल्ली कैपिटल्स और भी मजबूत टीम बन जाएगी।

राहुल अपनी शुरुआती दो पारियों में जिस तरह से आउट हुए हैं, उसके लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता और वह किसी भी समय बड़ी पारी खेल सकते हैं। तीसरे नंबर पर हालांकि नीतीश राणा असफल रहे हैं और लग रहा है कि वह इस नंबर पर ज्यादा दबाव महसूस कर रहे हैं। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका ने यहां पिछले मैच में अपनी लय हासिल कर ली थी, जिससे उन्हें पावरप्ले में गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाजों कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज की जोड़ी का सामना करने के लिए जरूरी आत्मविश्वास मिलेगा।

आईपीएल में लगातार तीसरा अर्धशतक (एक अर्धशतक पिछले सत्र के अपने आखिरी मैच में लगाया था) लगाने वाले रिजवी आक्रामक फॉर्म में हैं। उनमें स्पिनरों की जमकर धुनाई करने की क्षमता तो पहले से थी ही, लेकिन अब वह तेज गेंदबाजों को भी नहीं बख्श रहे हैं।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने पारी के शुरू में संयमित रवैया अपनाया लेकिन बाद में उन्होंने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। दिल्ली की तरफसे गेंदबाजों में मुकेश कुमार ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, वहीं कप्तान अक्षर पटेल पावरप्ले और बीच के ओवरों दोनों में प्रभावी रहे हैं। लुंगी एनगिडी ने दिल्ली की गेंदबाजी इकाई को मजबूती प्रदान की है, जिसमें टी नटराजन और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी शामिल हैं।



इसके विपरीत गुजरात टाइटन्स एक ऐसी टीम है जो दोनों विभाग में लड़खड़ा रही है। गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर जरूर से ज्यादा निर्भर नजर आ रही है और उसका मध्यक्रम नहीं चल पा रहा है। गुजरात टाइटन्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 205 रन का लक्ष्य से हासिल कर लेना चाहिए था, लेकिन सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन से मिली अच्छी शुरुआत का मध्यक्रम के बल्लेबाज फायदा नहीं उठा सके।

ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों को दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। दकप्तान शुभमन गिल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछला मैच नहीं खेल पाए थे, लेकिन कार्यवाहक कप्तान राशिद खान ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफमहत्वपूर्ण मैच के लिए वह पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। गुजरात टाइटन्स की टीम अपने पहले दो मैच हार गई है और इनमें उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। सिराज और रबाडा दोनों ही थोड़े महंगे साबित हुए हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाए हैं।

गुजरात टाइटन्स के लिए सकारात्मक बात यह है कि राशिद ने प्रतियोगिता की शुरुआत में ही अपनी लय पा ली है। गुजरात के सबसे प्रभावशाली गेंदबाज 23 वर्षीय तेज गेंदबाज अशोक शर्मा रहे हैं। कोटला की पिच पर आमतौर पर खूब रन बनते हैं, लेकिन पिछले सप्ताह दोपहर के मैच में ऐसा नहीं हुआ और मुंबई इंडियंस की टीम केवल 162 रन ही बना पाई। यह देखना बाकी है कि यहां की पिच अप्रैल में शाम के सत्र में होने वाले मैच में कैसा व्यवहार करती है।

### टीम इस प्रकार हैं:

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, माधव तिवारी, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, बेन डकेट, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, साहिल पारख।

**गुजरात टाइटंसः** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शाहरुख खान, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, पृथ्वी राज येरा, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, अरशद खान।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# शादी के बाद सातवें आसमान पर मोनालिसा, नई-नवेली दुल्हन को गोद में उठाकर झूमे फरमान, धमकियों का नहीं कोई असर...

डेस्क जगप्रेरणा।

***महाकुंभ 2025 के दौरान सोशल मीडिया पर छाने वाली मोनालिसा भोसले अब अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। पिछले दिनों ही मोनालिसा ने अपने परिवार के खिलाफ जाकर फरमान से शादी रचाई है, जिसके वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाए रहे। मोनालिसा ने पुलिस की सुरक्षा में फरमान से शादी की और अब अपने हैप्पी स्पेस में हैं।***

सोशल मीडिया पर मोनालिसा एक्टिव हैं और लगातार वीडियोज और तस्वीरें शेयर कर रही हैं। अब हाल ही में वायरल गर्ल ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें पति संग रोमांटिक होते और खिलखिला कर हंसते देखा जा सकता है।

### पति फरमान संग रोमांटिक हुईं मोनालिसा..

मोनालिसा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह किसी पार्क जैसी लोकेशन में दिखाई दे रही हैं और दुपट्टा लहराते हुए दौड़ रही हैं। उनके पीछे फरमान हैं, जो आगे जाकर मोनालिसा को गोद में उठा लेते हैं। वीडियो से साफहै कि मोनालिसा अपनी शादी से बेहद खुश हैं। मोनालिसा ने जब से फरमान से शादी की है, लगातार चर्चा में हैं। उनके रिश्ते पर काफी विवाद भी हो रहा है। मोनालिसा का कहना है कि उनका परिवार और समाज उनके और फरमान के रिश्ते के खिलाफ है और उन्हें अलग करने की कोशिश में है। लेकिन, तमाम विवादों और धमकियों के बीच मोनालिसा पति फरमान संग चहकती नजर आ रही हैं, जिससे साफ है कि वह फरमान के साथ बेहद खुश हैं।



### फरमान से मोनालिसा की शादी..

मोनालिसा ने मार्च 2026 में ही फरमान खान से शादी की है। फरमान से शादी के लिए मोनालिसा ने तिरुवनंतपुरम के थंपानूर पुलिस स्टेशन में शरण ली, जहां उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। इसके बाद उन्होंने मंदिर में जाकर फरमान से शादी कर ली, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आए थे। दोनों ने अपने परिवारों द्वारा उनके रिश्ते का विरोध करने के बाद पुलिस की सुरक्षा में शादी की। दोनों की लव स्टोरी फेसबुक से शुरू हुई थी। मोनालिसा के अनुसार, उनके पिता और उनके और फरमान के रिश्ते के खिलाफहैं और किसी और से शादी के लिए मजबूर कर रहे थे, जिसके चलते उन्होंने पुलिस स्टेशन पहुंचकर अपने प्रेमी से शादी कर ली।

### मोनालिसा का एक्टिंग डेब्यू..

मोनालिसा की फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' का ट्रेलर भी उनकी शादी से कुछ दिनों पहले ही जारी हुआ था। फिल्म के डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने भी उनकी शादी पर नाराजगी जाहिर करते हुए लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर किया था और दावा किया कि मोनालिसा लव जिहाद का शिकार हुई हैं और फरमान ने साजिश के तहत मोनालिसा से शादी की है। हालांकि, मोनालिसा ने उल्टा सनोज मिश्रा पर कई आरोप दागे और यहां तक दावा किया कि डायरेक्टर उन्हें गलत तरीके से छूते थे। इस पर जवाब देते हुए सनोज मिश्रा ने दावा किया कि मोनालिसा को ऐसा कहने पर मजबूर किया गया है और उनका ब्रेन वॉश किया जा रहा है।

# क्रिस्पिन छेत्री की भारतीय महिला फुटबॉल टीम के कोच के तौर पर वापसी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के तौर पर वापसी करने वाले क्रिस्पिन छेत्री ने कीनिया में होने वाले फीफा सीरीज 2026 टूर्नामेंट के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। शनिवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने छेत्री के कोस्टा रिका की अमेलिया वाल्वरडे की जगह लेने की सिफारिश की थी जिनका संक्षिप्त कार्यकाल हाल ही में समाप्त हुआ था।

एआईएफएफ ने विज्ञप्ति में कहा, 'क्रिस्पिन छेत्री को भारतीय महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के तौर पर फिर से नियुक्त किया गया है। छेत्री ने इस मैत्री टूर्नामेंट के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की है।' छेत्री ऑस्ट्रेलिया में 2026 महिला एशियाई कप के लिए राष्ट्रीय टीम के क्वालीफाइंग अभियान के दौरान टीम का मार्गदर्शन कर रहे थे। एआईएफएफने हालांकि जनवरी में अमेलिया को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में टीम का मार्गदर्शन करने के लिए नियुक्त किया था जो पिछले महीने समाप्त हुआ था। उस दौरान छेत्री सहायक कोच की भूमिका में थे। भारत के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने और अपने तीनों मैच हारने के बाद एआईएफएफने अमेलिया के अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया जो एशियाई कप के अंत तक ही वैध था।

आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति ने सिफारिश की कि कोस्टा रिका की कोच की जगह लेने के लिए भारतीय नामों पर विचार किया जाए। बाइस सदस्यीय टीम और सहयोगी स्टाफके सदस्य अप्रैल की फीफा अंतरराष्ट्रीय महिला मैच विंडो के दौरान होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को नैरोबी पहुंच गए। भारतीय टीम 11 अप्रैल को सेमीफाइनल में मेजबान कीनिया का सामना करेंगी जबकि ऑस्ट्रेलिया और मलावी उसी दिन दूसरे सेमीफाइनल में भिड़ेंगे।





सेमीफाइनल की विजेता और उपविजेता टीमें क्रमशः 15 अप्रैल को फाइनल और तीसरे स्थान के लिए होने वाले प्ले ऑफमैच में आमने-सामने होंगी। सभी मैच नैरोबी के न्यायो नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे।टीम इस प्रकार हैः

गोलकीपरः अद्रिजा सरखेल, लिंथोइंगांबी देवी माइबम, श्रेया हुड्डा।

डिफेंडरः अस्तम उरांव, जूली किशन, मार्टिना थोकचोम, निर्मला देवी फंजौबम, पूर्णिमा कुमारी, सरिता युम्नाम।

मिडफील्डरः अवेका सिंह, बबीना देवी लिशम, जसोदा मुंडा, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, प्रियंगका देवी नाओरेम, सैनफिडा नोंग्रम, शिल्की देवी हेमम।

फारवर्डः करिश्मा शिरवोइकर, काव्या पक्कीरिसामी, लिंडा कोम सेर्टो, मालविका पी, प्यारी शाशा, रिम्पा हलधर।

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम दिशा वकानी के पिता का निधन, शो का हिस्सा थे एक्ट्रेस के पापा, शाहरुख-आमिर संग कर चुके काम..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टेलीविजन जगत के सबसे लोकप्रिय धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की प्रसिद्ध अभिनेत्री दिशा वकानी जिन्हें हम दया बेन के रोल के लिए जानते हैं, उनके परिवार से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है।***

दिशा वकानी के पिता और अनुभवी अभिनेता भीम वकानी का निधन हो गया, उन्होंने अहमदाबाद में आखिरी सांस ली है। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। भीम वकानी न केवल एक बेहतरीन अभिनेता थे, बल्कि उन्होंने अपनी बेटी दिशा और सुंदरलाल के रोल में नजर आने वाले बेटे मयूर वकानी के करियर को संवारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### असित कुमार मोदी ने व्यक्त किया गहरा शोक..

'मनीकंट्रोल'से बातचीत के दौरान शो के निर्माता असित कुमार मोदी ने इस दुखद समाचार की पुष्टि की। असित मोदी वकानी परिवार के बेहद करीब माने जाते हैं, उन्होंने बताया कि उन्हें सुबह परिवार के जरिए इस अपूरणीय क्षति के बारे में पता चला। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, 'भीम वकानी जी खुद एक मंझे हुए चित्रकार अभिनेता और निर्देशक थे। दिशा वकानी को जब दयाबेन के रूप में शोहरत मिली तो उसमें उनके पिता का बहुत बड़ा योगदान था। दिशा का करियर बनाने में उन्होंने अपनी पूरी जान लगा दी थी।' असित मोदी ने आगे कहा कि भीम वकानी के साथ उनका रिश्ता पेशेवर से कहीं ज्यादा पारिवारिक था। जब भी वह मुंबई आते थे तो असित मोदी के घर रुकते थे और वे साथ में समय बिताते थे। उनके जाने से असित मोदी को ऐसा महसूस हो रहा है जैसे उनके अपने परिवार का कोई सदस्य बिछड़ गया हो।



### 'लगान' से लेकर शाहरुख-आमिर संग काम..

भीम वकानी मनोरंजन जगत का एक सम्मानित चेहरा थे। उन्होंने आमिर खान की कल्ट क्लासिक फिल्म 'लगान' में काम किया था। इसके अलावा अपने लंबे करियर के दौरान उन्होंने शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित जैसे दिग्गज सितारों के साथ भी स्क्रीन साझा की थी। वो शाहरुख के साथ स्वदेश में नजर आए थे। दिलचस्प बात यह है कि भीम वकानी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के कुछ एपिसोड्स में भी नजर आ चुके थे। उन्होंने जेठा लाल के पिता के दोस्त का रोल प्ले किया था। उनके दोनों बच्चे दिशा वकानी और मयूर वकानी, आज जिस मुकाम पर हैं उसका श्रेय भीम वकानी की परवरिश और मार्गदर्शन को जाता है।

### कब होगी अंतिम विदाई..

भीम वकानी का अंतिम संस्कार उनके पैतृक शहर अहमदाबाद में किया जाएगा। उनके निधन की खबर मिलते ही टीवी जगत के कई सितारों और प्रशंसकों ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। दिशा वकानी लंबे समय से छोटे पर्दे से दूर हैं, उनके लिए यह एक बड़ा व्यक्तिगत आघात है। वकानी परिवार के लिए यह समय अत्यंत कठिन है, क्योंकि उन्होंने न केवल एक मार्गदर्शक खोया है, बल्कि कला के प्रति समर्पित एक सच्चे कलाकार को भी खो दिया है।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
बुधवार 08 अप्रैल 2026





## बिहार में पेट्रोलियम उत्पादों और उर्वरकों की आपूर्ति सामान्य : अधिकारी




पटना, (भाषा)।

***इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और भारत पेट्रोलियम के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य में रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य है और लोगों से घबराने की जरूरत नहीं है।***

उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम कंपनियों (ओएमसी) ने केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग से मजबूत आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखी है। आईओसीएल के बिहार राज्य कार्यालय के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख ए.के. समंतराय ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के बावजूद हमने राज्य और केंद्र सरकार की मदद से अपनी आपूर्ति व्यवस्था मजबूत रखी है। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सहित सभी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति सामान्य है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।÷

इस मौके पर मौजूद बिहार के कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव ने कहा कि राज्य के हर जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है।

उन्होंने कहा, ÷सात अप्रैल तक यूरिया का भंडार 2.86 लाख टन, डीएपी 1.45 लाख टन, एनपीके 2.14 लाख टन और एसएसपी 1.02 लाख टन है।÷

भारत पेट्रोलियम के (एलपीजी) बिहार झारखंड प्रमुख अमित मित्तल ने बताया कि राज्य सरकार ने छात्रों और श्रमिकों के लिए पांच किलोग्राम के सिलेंडर के वितरण की भी व्यवस्था की है।

समंतराय ने कहा, ÷वर्तमान में राज्य में कुल 3,697 रिटेल आउटलेट संचालित हो रहे हैं, जिनमें 3,590 पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) के और 107 निजी क्षेत्र के हैं। औसतन प्रतिदिन 4,554 किलोलीटर पेट्रोल और 9,121 किलोलीटर डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है।÷

समंतराय ने बताया कि राज्य में 2,028 वितरकों और 15 बॉटलिंग संयंत्रों (नौ ओएमसी और छह निजी) के माध्यम से लगभग 2.33 करोड़ उपभोक्ताओं को एलपीजी सेवा दी जा रही है। उन्होंने कहा, ÷औसतन प्रतिदिन 3.8 लाख रिफिल की आपूर्ति की जा रही है और लगभग 4.5 दिन का बैकलॉग है। इस बैकलॉग को निर्धारित बुकिंग सूची के अनुसार निपटाया जा रहा है।÷ उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को 70 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है और अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों, रेलवे, सरकारी संस्थानों, होटल, रेस्तरां, औद्योगिक कैंटीन और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्राथमिकता दी जा रही है।

समंतराय ने कहा कि जमाखोरी पर नियंत्रण के लिए पश्चिम एशिया संकट की शुरुआत से बिहार सरकार ने 25,388 निरीक्षण किए हैं। इस दौरान 2,085 सिलेंडर जब्त किए गए, 119 प्राथमिकी दर्ज की गई और 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

वहीं, सौरभ सुमन बताया कि उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने और ऊंचे दामों पर बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभाग की ओर से जिलों में उड़नदस्ते भेजे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि नेपाल से सटी सीमा पर उर्वरकों की तस्करी रोकने के लिए संबंधित जिलों द्वारा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के समन्वय से लगातार कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में कालाबाजारी और जमाखोरी के आरोप में 116 उर्वरक प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई तथा 462 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द किए गए। उन्होंने कहा, ÷इस वर्ष अब तक 12 उर्वरक प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और 15 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। जिन 92 विक्रेताओं में अनियमितता पाई गई है, उनके खिलाफ कार्रवाई जारी है।÷

## सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के पीएलआई योजना के 'भविष्य' पर कर रही है विचार..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***खाद्य प्रसंस्करण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सरकार इस बात का मूल्यांकन कर रही है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को आगे बढ़ाया जाए या नहीं।***

इस योजना के तहत छह वर्षों में 22 राज्यों में 9,207 करोड़ रुपये का निवेश आया है। यह योजना वित्त वर्ष 2021-22 में 10,900 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ शुरू की गई थी और इस वित्त वर्ष में समाप्त होने वाली है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने बताया कि इस योजना से प्रति वर्ष 34 लाख टन प्रसंस्करण क्षमता बढ़ी है और 3,29,000 नौकरियां पैदा हुई हैं। संयुक्त सचिव डी. प्रवीण ने पत्रकारों से कहा, ''फिलहाल, इस पर कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मूल्यांकन किया जा रहा है। न तो कोई प्रस्ताव है और न ही उद्योग की ओर से कोई मांग है।''

मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि पीएलआई योजना के तहत आने वाले उत्पादों की बिक्री 2019-20 के आधार वर्ष की तुलना में 10.58 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ी है, जबकि निर्यात बिक्री 7.41 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ी है। अधिकारी ने कठिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए इन आंकड़ों को काफी मजबूत बताया।

हालांकि, समुद्री उत्पाद क्षेत्र के प्रदर्शन ने कुल आंकड़ों पर नकारात्मक असर डाला है। वर्ष 2023-24 में आई भारी गिरावट का मुख्य कारण इक्वाडोर और वियतनाम से मिली कड़ी प्रतिस्पर्धा को माना गया है, खासकर अमेरिका में—जो समुद्री उत्पादों के लिए भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारतीय कंपनियों ने इसका जवाब देते हुए 'ब्रेडिड श्रिम्प' (ब्रेडिंग झींगा मछली) जैसे अधिक मूल्य वाले उत्पादों की ओर रुख किया है। वर्ष 2019-20 के बाद से इस क्षेत्र में 11.5 प्रतिशत की सालाना दर से सुधार देखा गया है। समुद्री उत्पादों को छोड़कर, घरेलू बिक्री 11.57 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ी है और निर्यात 13.36 प्रतिशत से बढ़ा है। योजना में शामिल प्रतिभागियों की प्रसंस्करण क्षमता, कार्यक्रम की निवेश अवधि के दौरान दोगुनी से भी अधिक हो गई। यह प्रति वर्ष 39 लाख टन से बढ़कर 73 लाख टन तक पहुंच गई। यह योजना भारत के 14 उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन कार्यक्रमों में से एकमात्र ऐसी योजना है जो विशेष रूप से छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमई) का समर्थन करती है।

भारत का कुल प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात वर्ष 2019-20 के 6.2 अरब डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 10.09 अरब डॉलर हो गया। मंत्रालय ने इस वृद्धि का एक बड़ा श्रेय इस प्रोत्साहन कार्यक्रम को दिया है।

## रुपया 16 पैसे टूटकर 93.06 प्रति डॉलर पर



मुंबई, (भाषा)।

***रुपया मंगलवार को 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.06 पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की समयसीमा और भारतीय***

रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों में चिंता बनी रही, जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव देखा गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अस्थिर वैश्विक हालात के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले दबाव में बना हुआ है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 93.05 पर खुला। इसके बाद इसमें गिरावट आई और यह 93.12 प्रति डॉलर तक नीचे चला गया। कारोबार के दौरान रुपया 92.86 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक भी गया। कारोबार के अंत में रुपया 93.06 प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सट्टेबाजी पर रोक लगाने और मुद्रा में उतार-चढ़ाव कम करने के लिए उठाए गए कदमों के बाद, सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे मजबूत होकर 92.90 पर बंद हुआ था।

आरबीआई ने सट्टेबाजी पर नियंत्रण के लिए नियम सख्त किए हैं और बैंकों की नेट ओपन पोजिशन (बैंकों के पास शुद्ध रूप से रखी जाने वाली विदेशी मुद्रा) की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय की है।

इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दर तय करने वाली समिति ने सोमवार से चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर तीन दिन की बैठक शुरू कर दी है।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का निर्णय बुधवार को घोषित किया जाएगा। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत घटकर 99.83 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.61 डॉलर प्रति बैरल रहा। घरेलू शेयर बाजार की बात करें तो सेंसेक्स 509.73 अंक चढ़कर 74,616.58 अंक पर रहा, जबकि निफ्टी 155.40 अंक बढ़कर 23,123.65 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को 8,692.11 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## आईसीएआर ने वैश्विक कृषि चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष कार्यबल का गठन किया



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने कृषि क्षेत्र के सामने आ रही वैश्विक चुनौतियों से निपटने और उनके असर को कम करने की रणनीति बनाने के लिए एक उच्च-स्तरीय विशेष कार्य बल का गठन किया है।***

कृषि मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि कार्यबल की पहली बैठक कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय खाद्य और कच्चा माल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना की रूपरेखा तैयार की गई।

परिषद के मुख्य निर्णयों में 'मेरा गाँव मेरा गौरव' (एमजीएमजी) कार्यक्रम को और तेज करने का संकल्प और किसानों तक पहुंच बढ़ाने के लिए इसके दायरे का विस्तार शामिल हैं। इस विस्तारित पहल का विशेष लक्ष्य 100 आकांक्षी जिले होंगे, जहां मौजूदा संगठनात्मक ढांचे का उपयोग करके कृषि पद्धतियों के संपूर्ण पैकेज पहुंचाए जाएंगे और किसानों के बीच जमीनी स्तर पर विश्वास पैदा किया जाएगा।

इसके साथ ही, संतुलित उर्वरक उपयोग और जैविक कच्चे माल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष अभियान भी शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत, आईसीएआर प्रमुख फसलों...विशेष रूप से गेहूं और चावल...में उर्वरक की खपत को युक्तिसंगत बनाने के लिए जिला-वार आकलन करेगा। इसका उद्देश्य संसाधनों के उपयोग की दक्षता को बढ़ाना है।

आईसीएआर ने जमीन के उपयोग की दक्षता को अधिकतम करने के लिए मोटे अनाज उगाने वाले क्षेत्रों की विस्तृत 'मैपिंग' शुरू की है। चावल की कम पैदावार वाले क्षेत्रों में, परिषद खरीफ के मौसम के दौरान किसानों की आय बढ़ाने के लिए 'इको-फिशरीज इंटीग्रेशन' (मत्स्य पालन को कृषि से जोड़ना) जैसे अधिक मूल्य वाले वैकल्पिक तरीकों को बढ़ावा दे रही है।

कृषि मशीनीकरण के क्षेत्र में, कार्यबल 'चावल की सीधी बुवाई' (डीएसआर) को एक प्रमुख उपाय के रूप में बढ़ावा दे रही है। इसे मौसम विज्ञान पर आधारित एक मजबूत 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना' (एआईसीआरपी) का भी समर्थन मिलेगा, जो किसानों को वास्तविक समय पर मौसम संबंधी सलाह उपलब्ध कराएगी।

जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए, प्रत्येक विषय-विभाजन के भीतर 'नोडल अधिकारी' नियुक्त किए गए हैं। इनका काम साप्ताहिक प्रगति पर नजर रखना और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में एक एकीकृत व कार्य-योग्य योजना के बीच समन्वय स्थापित करना है। मंत्रालय ने बताया कि कार्यबल जरूरत पड़ने पर बैठकें करेगी। ये बैठकें संस्थागत प्रतिक्रियाओं और आंतरिक विशेषज्ञता पर आधारित होंगी, ताकि सरकार को आंकड़ों पर आधारित सटीक सुझाव दिए जा सकें।

## एलपीजी समस्या, बारिश के कारण मार्च-अप्रैल में चीनी की मांग चार लाख टन कम होने का अनुमानः इस्मा..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***उद्योग संगठन इस्मा ने मंगलवार को कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में कमी और देश के कुछ हिस्सों में बारिश के कारण मार्च-अप्रैल के दौरान देश में चीनी की मांग चार लाख टन कम रहने का अनुमान है।***

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के महानिदेशक दीपक बलानी ने कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 के (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी की कुल घरेलू मांग 281 लाख टन रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि इस विपणन वर्ष के पहले पांच महीनों में कुल मांग 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में 60,000 टन अधिक थी।

बलानी ने कहा, ''पिछले महीने मिलों से चीनी की आपूर्ति लगभग दो लाख टन कम हो गई, जिसका मुख्य कारण वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में आई दिक्कतें थीं।''

उन्होंने कहा कि देश के कई हिस्सों में बारिश और एलपीजी की समस्या के कारण इस महीने भी चीनी की मांग दो लाख टन कम होने का अनुमान है।

गर्मियों में पेय पदार्थों की खपत बढ़ने के कारण चीनी की मांग बढ़ जाती है। संस्थागत उपभोक्ता (जैसे पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनियां और मिठाई की दुकानें) देश में चीनी की कुल घरेलू मांग का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पूरा करते हैं।

बलानी ने कहा कि इस विपणन वर्ष में कुल मांग अनुमानित 281 लाख टन से घटकर कम से कम 277 लाख टन रहने की संभावना है, जिसके परिणामस्वरूप सितंबर के अंत में चीनी का शेष बचा स्टॉक बढ़ जाएगा।

निर्यात के बारे में बलानी ने कहा कि देश विपणन वर्ष 2025-26 में 7.5 से आठ लाख टन चीनी का निर्यात कर सकता है। यह खाद्य मंत्रालय द्वारा अनुमति दी गई लगभग 16 लाख टन की मात्रा से कम है।

उत्पादन के संबंध में उन्होंने कहा कि एथनॉल बनाने के लिए 35 लाख टन चीनी के अलग करने के बाद कुल उत्पादन लगभग 285 लाख टन रहने का अनुमान है।

इस्मा लगातार चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य में वृद्धि और पेट्रोल में एथनॉल के मिश्रण को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाने की मांग कर रहा है।

## बैंक खातों को धोखाधड़ी घोषित करने से पहले उधारकर्ता निजी सुनवाई के हकदार नहीं: उच्चतम न्यायालय..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि बैंकों द्वारा खातों को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करने से पहले उधारकर्ता व्यक्तिगत सुनवाई का अनिवार्य रूप से अवसर दिए जाने के हकदार नहीं हैं।***

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को निरस्त कर दिया, जिसमें उधारकर्ता को धोखाधड़ी वाला खाता घोषित करने से पहले व्यक्तिगत सुनवाई देने का बैंक को निर्देश दिया गया था।

शीर्ष अदालत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन से जुड़े नियमों की व्याख्या करते हुए कहा कि 'प्राकृतिक न्याय' के सिद्धांतों का पालन करने के लिए कारण बताओ नोटिस देना, जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराना, उधारकर्ता के जवाब पर विचार करना और कारण के साथ आदेश पारित करना पर्याप्त है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी घोषित करने में ऑडिट रिपोर्ट (फॉरेंसिक ऑडिट समेत) पर निर्भर करते हैं, तो उसकी प्रति उधारकर्ता को देनी होगी ताकि वह उस पर अपनी आपत्ति या जवाब दे सके।

इसके साथ ही पीठ ने कहा, ''ऐसे मामलों में निर्णय मुख्य रूप से दस्तावेजी साक्ष्यों-जैसे वित्तीय रिकॉर्ड, लेन-देन विवरण और ऑडिट रिपोर्ट पर आधारित होता है इसलिए हर मामले में मौखिक सुनवाई जरूरी नहीं होती।''

पीठ ने कहा कि हर मामले में व्यक्तिगत सुनवाई अनिवार्य करने से प्रक्रिया में देरी होगी और धोखाधड़ी वाले खातों की समय पर पहचान और जांच प्रभावित हो सकती है।

पीठ ने कहा, ÷हम आरबीआई के इस रुख से सहमत हैं कि कारण बताओ नोटिस जारी करना, संबंधित साक्ष्य मुहैया कराना, जवाब पाना और कारण के साथ आदेश पारित करना निष्पक्षता की शर्तों को पूरा करते हैं और न्याय में किसी भी तरह की चूक को रोकते हैं।÷

इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि पहले के फैसलों में भी नोटिस और जवाब देने का अवसर जैसी प्रक्रियागत निष्पक्षता पर जोर दिया गया था, न कि व्यक्तिगत सुनवाई को अनिवार्य बताया गया था।





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# ताइवान की विपक्षी नेता 'शांति की यात्रा' के लिए चीन पहुंचीं..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ताइवान की विपक्षी नेता चेंग ली-वुन मंगलवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर चीन पहुंचीं। चेंग ली-वुन इस यात्रा को 'शांति के लिए यात्रा' कह रही हैं, क्योंकि बीजिंग स्वशासित द्वीप को अपने नियंत्रण में लाने के लिए दबाव बना रहा है।***

ताइवान की विपक्षी नेता की यह यात्रा एक दशक में पहली है और यह शी चिनफिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मई में होने वाली बैठक से पहले हो रही है। इस बीच, ताइवान की विपक्ष-नियंत्रित संसद ने सरकार द्वारा 40 अरब अमेरिकी डॉलर के विशेष रक्षा बजट को पारित करने के प्रयासों को रोक दिया है। इससे अमेरिका के साथ हथियार सौदों और ताइवान के स्वदेशी रक्षा उद्योग के विकास के वित्त पोषण की उम्मीद थी।

चीन स्वशासित द्वीप को अपना क्षेत्र होने का दावा करता है और इसे हासिल करने के लिए बल प्रयोग करने की संभावना से भी इनकार नहीं किया है। बीजिंग द्वीप के आसपास लगभग प्रतिदिन युद्धक विमान और नौसैनिक पोत भेजकर उस पर अपना सैन्य दबाव बढ़ा रहा है, जबकि उसकी सेना समय-समय पर द्वीप के आसपास वास्तविक गोलीबारी का अभ्यास करती है। नवीनतम अभ्यास दिसंबर में देखा गया।

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां 'अनावश्यक रूप से तनाव बढ़ाती हैं' और बीजिंग से ताइवान पर सैन्य दबाव बंद करने का आह्वान किया। ताइपे से रवाना होने से पहले, कुओमिनतांग पार्टी की अध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा कि ताइवान को युद्ध को रोकने के लिए कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए और शांति को बढ़ावा देने के हर अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

चेंग के कुछ समर्थक और विरोधी ताइपे हवाई अड्डे पर नारे लगाते और तख्तियां लिए जमा हुए। चेंग ने कहा, 'चीन की मुख्य भूमि की इस यात्रा का उद्देश्य दुनिया को यह दिखाना है कि शांति की एकतरफा उम्मीद सिर्फ ताइवान ही नहीं रखता।'

उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि शांति की इस यात्रा के माध्यम से, सभी लोग दोनों पक्षों के बीच सभी संभावित मतभेदों को सुलझाने के लिए शांतिपूर्ण संवाद और आदान-प्रदान का उपयोग करने के लिए सीपीसी केंद्रीय कमेटी की ईमानदारी और दृढ़ संकल्प को देखने के लिए और भी उत्सुक हैं।÷ उन्होंने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संक्षिप्त नामों का जिक्र किया।

चीन ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री का विरोध करता है। चीनी विदेश मंत्रालय प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि ताइवान के साथ संबंध चीन का आंतरिक मामला है। प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, 'अमेरिका और ताइवान के बीच सैन्य संबंधों का चीन का विरोध सुसंगत और स्पष्ट है।'

बीजिंग ने ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री की बार-बार आलोचना की है, विशेष रूप से दिसंबर में ट्रंप प्रशासन द्वारा घोषित 11 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के एक बड़े सौदे की, जिसमें मध्यम दूरी की मिसाइल, तोप और ड्रोन शामिल हैं। चीन ने अमेरिका समेत अपने सभी राजनयिक साझेदारों को ताइपे के साथ औपचारिक संबंध रखने से प्रतिबंधित कर रखा है। अमेरिका ताइवान का सबसे मजबूत अनौपचारिक समर्थक और हथियार आपूर्तिकर्ता है और शी-ट्रंप शिखर बैठक में इस हथियार बिक्री पर चर्चा होने की उम्मीद है। उस समय जारी चीनी सरकार के एक बयान के अनुसार, फरवरी में शी और ट्रंप के बीच हुई बातचीत में, चीनी नेता ने कहा था कि ÷ताइवान को कभी भी चीन से अलग नहीं होने दिया जाएगा। इसमें कहा गया, 'अमेरिका को ताइवान को हथियार बिक्री के मुद्दे को सावधानी से संभालना चाहिए।'

बीजिंग ने यह भी कहा कि 'ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है।' ताइवान की सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियां बीजिंग के प्रति अलग-अलग रुख रखती हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि चेंग शंघाई से शुरू होकर बीजिंग में समाप्त होने वाली अपनी छह दिवसीय चीन यात्रा के दौरान शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगी या नहीं।

अमेरिकी थिंक टैंक अटलांटिक काउंसिल के फेलो वेन-टी सुंग ने कहा कि ताइवान की मुख्य विपक्षी पार्टी होने के नाते, केएमटी बीजिंग के साथ ऐसा कोई समझौता करने की स्थिति में नहीं है, जिससे पूरा द्वीप प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि हालांकि, चेंग कम्युनिस्ट पार्टी के साथ पार्टी के स्तर पर सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकती हैं, ताकि नियमित संवाद फिर से शुरू किया जा सके या केएमटी-नियंत्रित क्षेत्रों और चीनी शहरों के बीच नगरपालिका स्तर पर संबंधों को मजबूत किया जा सके। सुंग ने कहा कि चेंग की यात्रा 'शी-ट्रंप शिखर बैठक से ताइवान जलडमरूमध्य तनाव के मुद्दे को दरकिनार कर सकती है, जिससे अमेरिका-चीन शिखर सम्मेलन भू-रणनीतिक विवाद के मुद्दों के बजाय साझा हितों के व्यावसायिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा।' केएमटी ने कम रक्षा बजट का प्रस्ताव रखा है और सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के बड़े बजट की आलोचना करते हुए इसे हथियारों की खरीद के लिए 'अंधाधुंध खर्च' बताया है। चेंग की यह यात्रा ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के प्रति बीजिंग के रवैये से बिलकुल अलग है। चीन लाई चिंग-ते से कोई संबंध नहीं रखता और उन्हें 'अलगाववादी' करार देता है। ताइवान 1949 से चीन से अलग शासित है, जब एक गृहयुद्ध के बाद कम्युनिस्ट पार्टी बीजिंग में सत्ता में आई। पराजित केएमटी ताकतें ताइवान भाग गईं, जहां उन्होंने अपनी सरकार बनाई।

लाई की पार्टी ताइवान को एक संप्रभु देश मानती है, न कि चीन के अधीन। वहीं, केएमटी आधिकारिक तौर पर केवल एक चीन को मान्यता देती है, जिसे वह चीन गणराज्य के रूप में देखती है।

# क्रिकेट के मैदान पर हत्या, मैच के दौरान एक रन के विवाद में युवक के सीने में घोंपा चाकू..



डेस्क जगप्रेरणा।

***आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। रविवार को एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान महज एक रन के विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि एक 23 वर्षीय युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी।***

घटना रविवार की है। विशाखापत्तनम के एक निजी मैदान पर दो स्थानीय टीमों के बीच क्रिकेट मैच खेला जा रहा था। मैच के दौरान एक रन को लेकर खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विवाद बढ़ता देख अंपायर चिरंजीवी ने बीच-बचाव किया और मामला शांत कराने की कोशिश की। उस समय तो विवाद सुलझ गया, लेकिन रंजिश खत्म नहीं हुई।

## अंपायर के हस्तक्षेप से नाराज था आरोपी..

पुलिस के अनुसार, आरोपी के. किशोर (26) एक निजी फोटोग्राफर है। मैच के दौरान अंपायर के हस्तक्षेप से नाराज था। शाम को जब दोनों पक्षों का दोबारा आमना-सामना हुआ, तो बहस फिर से शुरू हो गई। देखते ही देखते बात हाथापाई तक पहुंच गई। हाथापाई के दौरान आरोपी किशोर ने अंपायर चिरंजीवी के भाई अजीत (23) पर हमला किया। इसी मुद्दे पर हुई एक और कहासुनी के बाद चाकू से उसके सीने पर वार किया। गंभीर रूप से घायल अजीत को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना के सिलसिले में एक मामला दर्ज किया है।

## अमरावती को राजधानी की मिली मान्यता..

एक अन्य खबर में, आंध्र प्रदेश की राजधानी को लेकर चल रहा वर्षों पुराना इंतजार अब खत्म हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2026 को अपनी मंजूरी दे दी है।

इस मंजूरी के साथ ही अमरावती को कानूनी और आधिकारिक तौर पर आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में मान्यता मिल गई है।

# श्रीमती प्रमिला बाई रणदिवे पंचतत्व में विलीन..




जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम पाथरगांव निवासी गुणीराम जी रणदिवे ( मुनीम) की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला बाई रणदिवे का सोमवार रात्रि 2 बजकर 15 मिनट पर 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया।***

इनका अंतिम संस्कार मंगलवार 7 अप्रैल को दोपहर 1 बजे पाथरगांव मोक्षधाम में किया गया। आप अपने पीछे तीन पुत्र खुरेंद्र रणदिवे, महेंद्र रणदिवे, राजेंद्र रणदिवे का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गए। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में इष्टमित्र, रिश्तेदार, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने शामिल होकर उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की तथा इस दुख की घड़ी में ईश्वर से परिवार को शक्ति प्रदान करने तथा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# मणिपुर में 2 मासूम बच्चों की हत्या के बाद हालात तनावपूर्ण, ट्रकों में लगाई आग, 5 जिलों में इंटरनेट बंद..



डेस्क जगप्रेरणा।

***मणिपुर की राजधानी इम्फाल समेत सूबे के 5 जिलों में हिंसक घटना के बाद हालात बिगड़ गए हैं। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इम्फाल वेस्ट, इम्फाल ईस्ट,***

थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में 3 दिन के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। यह प्रतिबंध मंगलवार दोपहर 2 बजे से लागू किया गया। बता दें कि सरकार ने इस मामले को जांच के लिए **NIA** को सौंपने का फैसला किया है। सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व वॉट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सरकार ने बताया फैसले का ये कारण..

सरकार ने कहा है कि इन माध्यमों से अफवाहें, नफरत फैलाने वाले संदेश और भड़काऊ वीडियो फैलाकर माहौल खराब किया जा सकता है। आदेश में कहा गया है कि ऐसी गतिविधियों से राज्य में शांति और कानून-व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। इसलिए अफवाहों और गलत सूचनाओं को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करना जरूरी हो गया है, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बता दें कि यह फैसला 2 मासूम बच्चों की हत्या की एक दर्दनाक घटना के बाद लिया गया है।

## बच्चों की हत्या के बाद लोगों में भारी गुस्सा..

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रोंगलाओबी आवांग लेइकाई इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों ने रात करीब 1 बजे एक घर पर हमला कर दिया। इस हमले में 5 साल के एक बच्चे और उसकी 5 महीने की बहन की सोते समय ही हत्या कर दी गई। इस घटना में उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा फैल गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कम से कम 3 ट्रकों में आग लगा दी और इम्फाल-टिडिम रोड को कई जगहों पर जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और तनाव और बढ़ गया।

## बिना फटा हुआ रॉकेट लॉन्चर भी मिला..

घटना स्थल के पास एक बिना फटा हुआ रॉकेट लॉन्चर भी मिला है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ गई है। बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया है और वे इसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने में जुटे हैं। स्थानीय विधायक थोंगाम शांति सिंह ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'जघन्य हिंसा' और 'आतंकवाद जैसा कृत्य' बताया। उन्होंने मृत बच्चों को श्रद्धांजलि दी और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। विधायक ने कहा कि ऐसे अमानवीय कृत्यों की समाज में कोई जगह नहीं है और इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए।

## पूर्व सीएम एन. बिरेन सिंह ने दिया बयान..

वहीं, मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह ने भी इस घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मासूम बच्चों की मौत से वे बेहद आहत हैं। सिंह ने इसे निर्दोष नागरिकों, खासकर बच्चों के खिलाफ एक भयावह हमला बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं बताती हैं कि जमीनी स्तर पर और अधिक सतर्कता और समय पर कार्रवाई की जरूरत है। पूर्व मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि आरोपी जल्द ही पकड़े जाएंगे और आम लोगों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल, पूरे इलाके में तनाव का माहौल है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# गुरुग्राम में एक महिला ने नवजात शिशु की हत्या करने के बाद आत्महत्या का प्रयास किया..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हरियाणा में गुरुग्राम के सूर्य विहार इलाके में एक महिला ने कथित तौर पर अपनी ढाई साल की बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर अपना गला काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।***


पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महिला का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, महिला का अपने पति से झगड़ा हुआ था और विवाद बढ़ने पर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी आधार शर्मा ने चार साल पहले 30-वर्षीय नेहा से शादी की थी। वह गुरुग्राम की एक निजी कंपनी में काम करते हैं और फिलहाल सूर्य विहार में किराये के मकान में रहते हैं। सोमवार सुबह वह काम पर निकले और शाम करीब छह बजे जब लौटे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया।

उन्होंने मकान मालिक को बुलाया और जब दरवाजा तोड़ा गया तो उनकी ढाई साल की बेटी अनिका और पत्नी बेहोश पड़ी मिलीं। पुलिस ने बताया कि बच्ची के शरीर पर चोट के निशान थे, जबकि नेहा की गर्दन पर धारदार हथियार के घाव थे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और दोनों को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि नेहा की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज कराया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान, व्यक्ति ने संदेह व्यक्त किया कि उसकी पत्नी ने बच्ची की हत्या की और फिर अपना गला काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि उसकी पत्नी ने ऐसा क्यों किया।

गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता ने बताया, 'लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला के होश में आने का इंतजार है। जांच जारी है और महिला को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।'

# स्वस्थ शरीर और बुद्धि से ही समृद्ध राष्ट्र संभवः योगी आदित्यनाथ..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि एक समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र की संकल्पना तभी सिद्ध होती है जब हमारा मन, मस्तिष्क एवं शरीर स्वस्थ होता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रदेश वासियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।'***

उन्होंने लिखा, 'एक समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र की संकल्पना तभी सिद्ध होती है जब हमारा मन, मस्तिष्क एवं शरीर स्वस्थ होता है।' योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में प्रारंभ हुई पीएम-जय, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना जैसी अनेक जीवन रक्षक एवं युगांतरकारी योजनाओं के माध्यम से जन-जन को स्वास्थ्य सुरक्षा का कवच प्राप्त हो रहा है, आज 'नया भारत' स्वस्थ और समृद्ध बन रहा है।

# बंद कमरे में मिला 42 वर्षीय व्यक्ति का शव..



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खजरी में 42 वर्षीय सतीश चोखांदरे नामक व्यक्ति ने सोमवार 6 अप्रैल 2026 को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इस मामले में मर्ग क्रमांक 11/2026 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मृतक के बड़े भाई शैलेन्द्र चोखांदरे (49 वर्ष) ने दी।***

पुलिस में दी सुचना के अनुसार, सतीश मजदूरी का काम करता था और अलग मकान में रहता था। उसकी पत्नी हिरमतीबाई और बेटा शुभम दो-तीन दिन पहले मामा के गांव देवरबेली गए हुए थे। सतीश चोखांदरे 5 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे अपले घर वापस लौटा था। 6 अप्रैल के सुबह करीब 11 बजे शैलेन्द्र अपने भाई के घर गया तो दोनों दरवाजे (आगे-पीछे) बंद मिले। दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। पीछे की खिडक़ी से झांकने पर सतीश पलंग पर मृत अवस्था में दिखा, गले में पीली नायलोन की रस्सी बंधी हुई थी। शैलेन्द्र ने हल्ला किया और पड़ोसियों को बुलाया।

लोगों ने पीछे का दरवाजा तोडक़र अंदर प्रवेश किया। शव पलंग के ऊपर तख्त पर गिरा हुआ था। छत के पंखे से रस्सी का एक हिस्सा टूटा हुआ था और कुछ हिस्सा गले में बंधा था। गांव वालों ने शव को पलंग से नीचे उतारा और छप्पर में लिटाकर रस्सी खोल दी। परिवार के लोगों ने बताया कि सतीश अक्सर शराब पीने का आदि था। घटना के समय वह अकेला घर में था। दो दिन बाद परिवार में शादी का कार्यक्रम होने वाला था, जिसके लिए लोग घर पर इकट्ठा हुये थे।

संपूर्ण घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया एवं शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग क्र. 11/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।












दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकड़े सालेकसा
मो. 9049200353



# पावलदौना के ग्रामीण आंदोलन की तैयारी में, 20 वर्षों से सड़क की मांग लंबित..

### छात्र जंगल से जान जोखिम में डालकर करते हैं सफर..

### खराब रास्ते से ग्रामीण परेशान, प्रशासन के खिलाफ नाराजगी..





**जगप्रेरणा आमगांव।**

***तालुका के पावलदौना जैसे दुर्गम गांव के नागरिक अब अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए आंदोलन की राह पर उतरने को तैयार हैं। पिछले लगभग 20 वर्षों से पक्की सड़क की मांग लंबित है,***

लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण आज भी ग्रामीणों को खतरनाक और कठिन रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। गांव को जोड़ने वाला मार्ग अत्यंत खराब स्थिति में है। कई जगहों पर सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। कीचड़, पानी और फिसलन के कारण वाहनों की आवाजाही लगभग ठप हो जाती है, जिससे ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सबसे गंभीर स्थिति छात्रों की है। स्कूल जाने के लिए उन्हें जंगल के रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है, जहां हर दिन दुर्घटना और खतरे की आशंका बनी रहती है। खराब रास्तों के कारण कई बार छात्र गिरकर घायल भी हो चुके हैं। इससे अभिभावकों में गहरी चिंता व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। केवल आश्वासन दिए गए, पर काम शुरू नहीं हुआ। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी यह रास्ता बड़ी बाधा बन रहा है। आपात स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। कई बार मरीजों को कंधों पर या हाथगाड़ी से ले जाना पड़ता है। किसानों और व्यापारियों को भी इसका भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सड़क न होने के कारण कृषि उपज को बाजार तक पहुंचाना मुश्किल हो गया है, जिससे आर्थिक हानि हो रही है और उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। इन्हीं समस्याओं से त्रस्त होकर अब पावलदौना के ग्रामीणों ने एकजुट होकर बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे तीव्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन तत्काल सड़क निर्माण के लिए निधि मंजूर कर काम शुरू करे, ताकि गांव के लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें और छात्रों व नागरिकों का जीवन सुरक्षित हो सके।

### ग्रामीणों की प्रतिक्रियाएं..

**बोले किशोर बोलणे (पूर्व सरपंच):**

'20 साल से हम सड़क का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। अब आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है।'

**बोले अरविंद बोपचे (अभिभावक):**

'बच्चों को रोज जंगल से जाना पड़ता है, उनकी सुरक्षा खतरे में है। प्रशासन को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।'

**बोले समीर राजेंद्र बागड़ाकर/लक्की संजू रहागडाले (छात्र):**

'खराब सड़क के कारण स्कूल जाना बहुत मुश्किल होता है। कई बार देर हो जाती है और दुर्घटना का डर बना रहता है।'

**बोले अनिल राधेश्याम पारधी (किसान):**

'सड़क नहीं होने से फसल बाजार तक ले जाना मुश्किल है, जिससे हमें बड़ा नुकसान होता है। सरकार को तुरंत निर्णय लेना चाहिए।'

### निवेदन भी हुआ अनसुना, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप..

सोमाजी बावनकर (सरपंच) ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। पिछले 6 महीनों में लगातार प्रयास किए गए और विद्यार्थियों व ग्रामीणों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की इस उदासीनता के चलते अब ग्रामीणों को मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

# एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल, बोरगांव/बाजार में शनिवार तक 11 वीं क्लास के लिए एडमिशन ले लें..

### स्कूल के प्रिंसिपल गणेश तोडकर की अपील..

**जगप्रेरणा देवरी।**

***नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स, MoTA, नई दिल्ली के तहत आनेवाले देवरी तहसील के एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल,***

बोरगांव/बाजार में आदिवासी समाज के स्टूडेंट्स जो शैक्षणीक वर्ष 2026-27 के लिए साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स फैकल्टी में 11वीं क्लास में एडमिशन लेने में इंटरेस्टेड हैं, वे अगले शनिवार, 11 अप्रैल, 2026 तक एडमिशन के लिए अपना नाम रजिस्टर कर लें। फिर एंट्रेंस एग्जाम रविवार, 12 अप्रैल, 2026 को होगा। इसलिये स्कूल प्रिंसिपल गणेश तोडकर ने आदिवासी समुदाय के इंटरेस्टेड स्टूडेंट्स को जल्दी एडमिशन लेने की अपील की है।

इस स्कूल में एडमिशन पाने वाले शेड्यूल्ड ट्राइब **(S.T.)** स्टूडेंट्स ने इस साल 10 वीं का एग्जाम दिया है। या 10 वीं का एग्जाम पास कर लिया है। ऐसे स्टूडेंट्स को अपना एप्लीकेशन अपने जाति सर्टिफिकेट, बोनाफाइड और फोटो के साथ शनिवार (11 अप्रैल, 2026) तक एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल, बोरगांव बाजार में जमा कर दे। बाद में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए एंट्रेंस एग्जाम रविवार, 12 अप्रैल, 2026 को होगी।

इसलिये स्कूल के प्रिंसिपल गणेश तोडकर ने आदिवासी कम्युनिटी के इच्छुक स्टूडेंट्स को जल्द से जल्द एडमिशन लेने की अपील की है।




## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### शादी समारोह मंडप से मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/3/2026 के सुबह 10 बजे से रात तक भुताईटोला मे फर्यादी महेन्द्र फुलीचंद वाघमारे उम्र 55 वर्ष निवासी गोरेगाव सुखचंद ठाकरे के घर शादी समारोह मे गये थे। उन्होंने अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ए बी 3420 किमत 19 हजार रुपये की मंडे के सामने रखी थी। घटना के दरम्यान अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगांव मे अपराध क्रमांक 199/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा मुकेश शेंडे 1314 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

### पुराने विवाद पर चलाई लाठी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/4/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान टाकरी मे फर्यादी अपने घर के सामने खडे थे। जहा दोनो आरोपीयो ने आकर कहा तु तिन दिन पहले क्यो लडाई कर रहा था। बोलकर लकडी से सरपर मारकर जख्मी किया और दुसरा आरोपी भी मारने के लिये दौड़ा फर्यादी के दिये बयान और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 238/2026 धारा 118,1,3,5, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा कुंभरे 1553 पोस्टे आमगांव कर रहे है।

### ये हमारी जगह है तेरे से जो बनता है करले बोलकर गिराई दिवाल मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत आर्थिक नुकसान का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/ 3/2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान सुर्याटोला मे फर्यादी प्रेमलाल सुखाराम कटरे उम्र 81 वर्ष निवासी रामनगर की जमीन पर आरोपी राजेश अग्रवाल और आशु मक्कड ने आकर कहा ये हमारी जमीन है, तेरे से जो बनता है बोलकर कम्पाऊंड वॉलपर जेसीबी चलाकर तोड दिया। कम्पाऊंड वॉल तोड़कर 10 लाख 50 हजार रुपये का नुकसान करने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 189/2026 धारा 324,5,351,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा दसरे 1467 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### शादी नही होने की निराशा से लगाई फांसी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गांदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/4/2026 के 4 बजे के दरम्यान ग्राम सोनी मे महेश किशनलाल चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी सोनी कि शादी नही हो रही थी। उसके टेंशन मे उसने शराब पिना भी शुरू किया था घटना के समय अपने खेत के झाड को रस्सी बांधकर फांसी लगाई है, फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे गोरेगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 09/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा कोसमे 1220 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

# वृद्धाश्रम ने मनाया गया महिला काँग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का जन्मदिन..





**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***महाराष्ट्र राज्य महिला काँग्रेस अध्यक्ष संध्याताई सव्वालाखे इनके जन्मदिन पर गोंदिया जिला महिला काँग्रेस की और से सालेकसा तालुका के अंतर्गत***

आपणा घर यह एक वृद्धाश्रम मे सभी पदाधिकारीओ ने भेट देकर इस अपना घर मे रहने वाले वृद्ध को भेट देकर संध्याताई के लिये आशीर्वाद और उज्वल भविष्य की कामना करते हुए केक काटकर और फल, मिठाईया वितरीत करते हुए महिला काँग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया।

इस कार्यक्रम मे प्रमुखता से गोंदिया जिल्हा महिला काँग्रेस अध्यक्ष वंदनाताई काळे, सालेकसा तालुका महिला अध्यक्ष जोषनाताई आत्राम, नगर पंचायत सालेकसा नगराध्यक्ष विजय फुंडे, नगरपंचायत सभापती छन्नूताई शिवणकर, सभापती पल्लवीताई शिवणकर, महिला काँग्रेस शहराध्यक्ष कविता शेंडे, लताताई फुंडे, नगरसेवक राजु जैन, राजू काळे, शैलेश बहेकार, ममताताई पटले, उमेंद्र पटले सर, राजू दोनोडे, संतोष आत्राम, शुभम जैन, रवी चुटे, रंजू कटरे, भास्कर शिवणकर साथ ही वृद्धाश्रम मे रहने वाले सभी परिवार के लोग वृद्धाश्रम के संचालक महेंद्र रंगारी उपस्थित थे। इन सभी ने प्रदेशाध्यक्ष के जनमदिन पर उनके भविष्य की उज्वल कामना करते हुए जन्मदिन मनाया।

# देवरी में भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ संपन्न..

### 'राष्ट्र प्रथम' ही भाजपा की विचारधारा: पूर्व विधायक संजय पुराम




**जगप्रेरणा देवरी।**

भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार, 6 अप्रैल को देवरी स्थित भाजपा कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक 'संजय पुराम' और संगठन मंत्री 'वीरेंद्र अंजनकर' की प्रमुख उपस्थिति में यह समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के पूजन व माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात भाजपा सचिव विलास शिंदे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों और 'भारत माता की जय' के नारों से परिसर गुंजा दिया। 'लोकसेवा का व्रत निरंतर जारी रहेगा'।

### कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक संजय पुराम ने कहा:

'भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से ही पार्टी ने 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा को अपनाया है। केवल सत्ता प्राप्त करना भाजपा का उद्देश्य नहीं है, बल्कि अंत्योदय की संकल्पना के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य है। सेवा, समर्पण और संगठन की त्रिसूत्री पर आधारित कार्यप्रणाली के कारण ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।'

### प्रमुख उपस्थिति..

इस समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे: संजू उइके (मंडल अध्यक्ष)। प्रमोद संगिडवार (सभापति, कृषि उपज मंडी)। सविताताई पुराम (पूर्व सभापति, महिला एवं बाल कल्याण)। कल्पनाताई वालोदे (जिला परिषद सदस्य)। एड. प्रशांत संगीडवार। प्रज्ञाताई संगीडवार (उपाध्यक्ष, नगर पंचायत)। आफताब शेख (जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा)। रितेश अग्रवाल, संजू दरवडे(पार्षद)। पिंकी कटकवार, सीता रंगारी(पार्षद)। अनिल येरणे (जिला सचिव)।

इसके साथ ही यादव पंचमवार, प्रवीण दहिकर, विनोद भेंडारकर, पारस काटकवार, इंद्रजीत सिंह भाटिया, नितेश वालोदे, मनोज मिरी, माजिद खान, इमरान खान, सोनू चोपकर, राष्ट्रपाल राउत, अंजलि दरवडे, रचना उजवणे, लता बडोले, प्रभाताई सलामे, हेमलता कुंभरे, रोहिणी कावळे सहित देवरी तहसील के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही।

स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया और आने वाले समय में 'पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प' लिया गया।

# डॉ. किरण मोरे चव्हाण भारत प्रेरणा नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***हाल ही में, सर्किट बेंच फाउंडेशन और डीएस राठौड़ फाउंडेशन, शांतिदूत परिवार के सहयोग से कला अकादमी गोवा के ब्लैक बॉक्स के बड़े***

हॉल में भारत 'प्रेरणा नेशनल अवॉर्ड' नेशनल अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। देश भर में अलग-अलग क्षेत्रों में शानदार काम करने वाले लोगों को भारत प्रेरणा नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इनमें गोंदिया जिले के सालेकसा की साहित्यकार डॉ. किरणताई मोरे चव्हाण के काम को देखते हुए, सर्किट बेंच फाउंडेशन ने मंच पर मौजूद गणमान्य लोगों की मौजूदगी में उनके पति एनपी मोरे, मां बाबा जनुताई नामदेवराव चव्हाण के समक्ष 'भारत प्रेरणा नेशनल अवॉर्ड' दिया। अवॉर्ड में मोमेंटो, गले का पट्टा, शॉल और सर्टिफिकेट दिया गया। अवॉर्ड मिलने पर रिश्तेदारों ने उन्हें बधाई दी एव मित्र परिवार की और से बधाइयों की बौछार हो गई।

# किडंगीपार में शराब बंदी की लड़ाई ने हिंसक मोड़ ले लिया है..

**6 अधिकारी और 35 पुलिसवाले, कई गांववाले घायल, आंदोलनकर्ता को 3 दिन की पुलिस कस्टडी..**

**कलम 168 के नोटिस फाड़ने के बाद पुलिस अधिकारी को घरों से बाहर निकाल दिया गया; संतोष दोनोडे समेत 90 लोगों पर बीएनएस के तहत केस दर्ज..**



**जगप्रेरणा आमगांव।**

तहसील के किडंगीपार में शराब की दुकानों को हमेशा के लिए बंद करने की मांग ने अब हिंसक मोड़ ले लिया है। 10 अप्रैल को घोषित 'रेलवे रोको' और 'सामूहिक आत्मदाह' के असर अभी महसूस ही हो रहे थे, कि 6 अप्रैल को आदोलको को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर गुस्साई भीड़ ने पत्थर फेंके। इस हिंसक झड़प में 6 पुलिस अधिकारी और 35 कर्मचारी, कई गांववाले घायल हो गए, और कोर्ट ने गिरफ्तार आंदोलनकर्ता को तीन दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

गांव की पूरी तरक्की के लिए महिलाओं और युवाओं ने शराब बंदी की मांग की थी। 5 अप्रैल को संतोष दोनोडे और उनके परिवार पर प्रतिबंधक कार्यवाही (सेक्शन 168) का नोटिस देने गई पुलिस से उनकी तीखी बहस हुई। इस समय, प्रदर्शनकारियों ने सेक्शन 168 का नोटिस फाड़ दिया और वहां मौजूद पुलिस को धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया जब पुलिस 6 अप्रैल को सरकारी काम में रुकावट डालने के इसी गंभीर जुर्म में संतोष दोनोडे और तीन अन्य को गिरफ्तार करने गई, तो गुस्साए गांववालों ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसमें जयश्री गढ़बंधे, सुरेखा अवताड़े, श्याम ब्राह्मणकर, मनीषा निकम, प्रवीण डांगे समेत कई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हालात की गंभीरता को समझते हुए, पोलिस अधीक्षक गोरख भामरे और अतिरिक्त पोलिस अधीक्षक अभय डोंगरे मौके पर पहुंचे। कई नेताओं की मौजूदगी में, उन्होंने भीड़ से शांति बनाए रखने की अपील की और हालात को काबू में किया इस मामले में शिकायतकर्ता मनीषा निकम की शिकायत पर मुख्य आरोपी संतोष दोनोडे और करीब 80 से 90 लोगों के खिलाफ सेक्शन **BNS** 132, 221(1), 221(2), 352, 189(2), 189(3), 189(4), 190, 191, 191(1), 191(2), 191(3), 61(2), 126(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

मजदूरों और मेहनतकशों की बस्ती किडंगीपार गांव में 'शराब मुक्ती के लिए वोटिंग' की मांग जारी है। संतोष दोनोडे, चुनेश्वरी हरिनखेड़े, प्रमिला खरोले, यमन पुसाम और रूपकला भंडारकर ने आत्मदाह की धमकी दी है। गिरफ्तार किए गए तीनों प्रदर्शनकारियों को आज कोर्ट में पेश किया गया, तो उन्हें तीन दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। 10 अप्रैल की 'डेडलाइन' के कारण पूरा प्रशासन अभी भी हाई अलर्ट पर है।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### गोंदिया जिले के नवेगांव बांध पर्यटन संकुल मे

## सांसद प्रफुल पटेल के हस्ते नौकाविहार का समारोहपूर्वक शुभारंभ आज..

**पालकमंत्री इंद्रनील नाईक एवं पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले संहित अनेक जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी रहेंगे उपस्थित..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले की प्राकृतिक घटाएं क्षेत्र एवं देशविदेश के लोगों को भी लुभाती है, तथा जिले में बाहर से आने वाले लोगों को पर्यटन भ्रमण के लिये अधिक से अधिक आनंद प्राप्त हो सके, इसके लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। विशेष रुप से गोंदिया जिले के नवेगांव बांध***

में क्षेत्र के युवा पर्यावरण प्रेमी सुनील तरोने और किशोर तरोने के द्वारा सांसद प्रफुल पटेल एवं क्षेत्र के पूर्व मंत्री व विधायक राजकुमार बडोले के प्रतिनिधित्व में अत्याधुनिक पर्यटन सुविधाएं प्रदान की जा रही है, तथा इसी क्रम में आज नवेगांव बांध पर्यटन संकुल में आज क्षेत्र के नेता पूर्व केन्द्रिय मंत्री सांसद प्रफुल पटेल के करकमलों से आज नौकाविहार का भी शुभारंभ होने जा रहा है, जिससे कि एक विशालकाय प्राकृतिक तालाब में लोगों को नौकाविहार का आनंद निरंतर प्राप्त हो सकेगा, तथा पर्यटन भ्रमण के लिये नवेगांव बांध पहुंचने वाले लोगों के लिये यह विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा।

आज 08 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे लगभग सांसद प्रफुल पटेल इस नौका विहार का उद्घाटन करेंगे, वहीं क्षेत्र के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि वहीं मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री व विधायक अर्जुनी मोरगांव राजकुमार बडोले प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे।

### यह भी रहेंगे उपस्थित..

नवेगांव बांध पर्यटन संकुल में शुभारंभ हो रहे नौकाविहार में विशेष अतिथि के रुप से सांसद प्रशांत पडोले, जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. परिणय फुके, कार्यकारी संचाक विदर्भ पाटबंधारे विकास महामंडळ नागपुर राजेश सोनटके, मुख्य अभियंता जलसंपदा विभाग नागपुर श्रीमती सोनाली चोपड़े, गोंदिया के नवागत कलेक्टर डॉ. मंगेश गोंदवले, विभागीय वनाधिकारी वन्य जीव साकोली अतुल देवकर, अधीक्षक अभियंता भंडारा पाटबंधारे मंडल राजेश पाटील, कार्यकारी अभियंता गोंदिया पाटबंधारे विभाग राजीव कुरेकर, सेवानिवृत्त अधीक्षक अभियंता रवि पराते, उपविभागीय अधिकारी पाटबंधारे उपविभाग नवेगांव बांध समीर बनसोड़े के साथ ही प्रमुख रुप से सभापति महिला व बाल कल्याण जिला परिषद श्रीमती पूर्णिमाताई ढेंगे, जिला परिषद सदस्य रचनाताई गहाणे, सभापति पंचायत समिति अर्जुनी मोरगांव श्रीमती आम्रपाली डोंगरवार, उप सभापति पंचायत समिति अर्जुनी मोरगांव संदीप कापगते, पंचायत समिति सदस्य अर्जुनी मोरगांव होमराज पुस्तोड़े एवं नवेगांव बांध की सरपंच श्रीमती हिराताई पंधरे उपस्थित रहेंगे।

### भव्य उपस्थिति की अपील..

**नवेगांव बांध पर्यटन संकुल में आज से शुरु होने जा रहे नौकाविहार कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों व पर्यटन प्रेमियों से भव्य उपस्थिति की अपील संचालक एन.के. इन्फ्रा गोंदिया के सुनील तरोने व किशोर तरोने ने की है।**

## उमरेड पवनी करहांडला अभ्यारण्य में दुर्लभ काले रंग के चीतल का दीदार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र के उमरेड पवनी करहांडला अभ्यारण्य में वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक बेहद रोमांचक खबर सामने आई है। अभ्यारण्य के पवनी सफारी मार्ग पर स्थित खापरी तालाब क्षेत्र में एक दुर्लभ***

मेलानिस्टिक (कृष्णवर्णीय) चीतल देखा गया है। यह अनोखा दृश्य पवनी पर्यटन गेट के गाइड दिनेश दाहारे ने सफारी के दौरान अपने कैमरे में कैद किया। गौरतलब है कि आमतौर पर चीतल भूरे रंग के होते हैं जिन पर सफेद धब्बे होते हैं, लेकिन इस बार एक गहरे काले रंग का चीतल झुंड के बीच दिखाई दिया, जिससे पर्यटकों और वन्यजीव विशेषज्ञों में उत्सुकता बढ़ गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस चीतल में मेलानिस्टिक (कृष्णवर्णीयता) नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक स्थिति पाई जाती है। इस कारण शरीर में मेलानिन की मात्रा अधिक हो जाती है, जिससे जानवर का रंग सामान्य से अधिक गहरा या लगभग काला दिखाई देता है। प्राकृतिक रूप से चीतल में इस तरह का रंग परिवर्तन बेहद दुर्लभ माना जाता है।

इस बारे में जानकारी देते हुए सहायक वन संरक्षक संदीप भारती ने कहा कि, ऐसे दुर्लभ वन्यजीवों का दिखना इस अभयारण्य की समृद्ध जैव विविधता और सुरक्षित वातावरण का संकेत है। यह क्षेत्र घने जंगलों, घास के मैदानों और जल स्त्रोतों से भरपूर है, जहां चीतल, सांभर और जंगली सूअर जैसे शाकाहारी जीव बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यही जीव बाघ और तेंदुए जैसे शिकारी जानवरों के लिए महत्वपूर्ण आहार स्त्रोत हैं। इस दुर्लभ काले चीतल की तस्वीर सामने आने के बाद वन्यजीव प्रेमियों, फोटोग्राफरों और शोधकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वन विभाग ने इस घटना को दर्ज कर लिया है और भविष्य में इस क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

### आज गोंदिया मे रोजगार मेले का आयोजन..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***जिला कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र तथा मॉडल करियर सेंटर, गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 8 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को सुबह 11:00 बजे रोजगार मेला/प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है।***

यह रोजगार मेला जिलाधिकारी कार्यालय, दुसरा माला, रूम नंबर 210, आमगांव रोड, गोंदिया में आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न कंपनियों के नियोक्ता एवं प्लेसमेंट एजेंसियां भाग लेंगी। इस मेले में 10 वीं, 12 वीं पास, आईटीआई तथा किसी भी शाखा के स्नातक योग्यताधारी बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध रहेंगे।

इच्छुक उम्मीदवारों को अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति तथा जिला कौशल विकास कार्यालय का पंजीयन कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार जिला कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र, गोंदिया के दूरभाष क्रमांक 07182-299150 या ईमेल आईडी पर संपर्क कर सकते हैं।

***कौशल विकास विभाग के सहायक आयुक्त राजु माटे ने अधिक से अधिक युवाओं से इस रोजगार मेले में भाग लेने की अपील की है।***

## पश्चिम बंगाल और आसाम में प्रचंड बहुमतों से खिलेगा कमल..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारत देश में फिलहाल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं, तथा अबकी बार चुनाव में मतदान से एक बार फिर गोंदिया के विदर्भवादी नेता और राष्ट्रचिंतक छैलबिहारी अग्रवाल ने चुनावी भविष्यवाणी कर दी है, जिसमें श्री अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल और आसाम में भाजपा की***

### राजनीतिक विश्लेषक छैलबिहारी अग्रवाल ने की एक बार फिर चुनावी भविष्यवाणी..



सरकार बनने का दावा किया है। इसी के साथ छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि तमिलनाडु, केरल और पुड्डेचेरी में भी भाजपा के नेतृत्व में एनडीए का प्रदर्शन अच्छा और दमदार रहेगा। गौरतलब है कि गोंदिया के छैलबिहारी अग्रवाल ने अब तक जितने भी बार भविष्यवाणी की है, उनकी भविष्यवाणी सच साबित हुई है।

छैलबिहारी अग्रवाल ने इसके पहले भी लोकसभा चुनाव, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र ओर छ.ग. के विधानसभा चुनावों में भी घोषणा की थी, जो कि सहीं साबित हुई थी। इसी प्रकार जबकि कोई दूर दूर तक सोच नहीं सकता था, छैलबिहारी अग्रवाल ने घोषणा कर दी थी कि उद्धव ठाकरे भाजपा के खिलाफ जाकर सरकार बनाएंगे, और मुख्यमंत्री बनेंगे, और हुआ भी ऐसा ही।

इसी प्रकार शिवसेना, राष्ट्रवादी और कांग्रेस के गठबंधन के दावे के साथ ही भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस के बीच गठबंधन होगा, इसकी भविष्यवाणी भी छैलबिहारी अग्रवाल ने की थी, और पता चला बाद में ऐसा भी हो गया। **एक बार फिर छैलबिहारी अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल और आसाम में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने का दावा किया है, देखना होगा कि अबकी बार छैलबिहारी अग्रवाल की भविष्यवाणी कितनी सच साबित होती है।**

## चांदपुर देवस्थान पहुंचे सांसद प्रफुल पटेल, वैश्विक त्रासदी के दौर मे की सुख शांति की मंगल कामना..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भंडारा जिले के नेता तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता सांसद प्रफुल पटेल की गोंदिया भंडारा जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल चांदपुर देवस्थान में हनुमान जी के प्रति विशेष आस्था है। जब भी सांसद प्रफुल पटेल गोंदिया भंडारा के दौरे पर आते हैं, तब वे चांदपुर देवस्थान भी अवश्य पहुंचते हैं।***

अपने दो दिवसीय गोंदिया भंडारा जिले के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रफुल पटेल आज भी जब गोंदिया पहुंचे, तो इससे पहले उन्होंने चांदपुर देवस्थान पहुंचकर हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष माथा टेका, विधि विधान से पूजा अर्चना की, तो वहीं वैश्विक अशांति और युद्ध के दौर में संपूर्ण क्षेत्र और संपूर्ण विश्व की मंगल कामना की प्रार्थना की। इसी प्रकार सांसद प्रफुल पटेल ने भंडारा-गोंदिया जिले के विकास और तरक्की के लिए प्रार्थना करते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की भी कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, भंडारा जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस अध्यक्ष नानाभाऊ पंचबुद्धे, विधायक राजूभाऊ कारेमोरे, धनंजय दलाल, देवेंद्रनाथ चौबे, देवचंद ठाकरे और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com